दैनिक **नवयत्न**
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!
वर्ष: 17 | अंक 36 | सीकर, शुक्रवार 03 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## स्थापना दिवस ऐतिहासिक और भव्य तरीके से मनाएगी भाजपा : कुलहरि



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनू में भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिणी कुलहरि की अध्यक्षता में भाजपा के जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी मंडल एवं बूथ स्तर पर आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार धूमधाम से मनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया। अपने विचार को रखते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 की स्थापना के पश्चात जब कभी 2 विधायक पार्टी के हुआ करते थे अपने करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर आज विश्व की सबसे बड़ी एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रवाद के लिए कार्य करती है। जन सेवा ही जिसका मूल मंत्र है। बैठक में उपस्थित पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ ने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, दलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, भूपेंद्र सिंह, अनीता जांगिड़, महावीर ढाका, जिला मंत्री विनोद कुमावत, निखिल शर्मा, जिला आईटी संयोजक सौरभ सोनी, जिला मीडिया प्रभारी ललित जोशी, प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश सुरा, अंजू काला, प्रवक्ता संजय मोरवाल, हनुमान सिंह, शेर सिंह निर्वाण, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जय सिंह मांठ, बिसाऊ शहर मंडल अध्यक्ष पवन धौलपुरिया, कोलिन्डा ग्रामीण मुकेश दूत, उदयपुरवाटी शहर लक्ष्मण राम सैनी, बालाजी ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद मेघवाल, खेतड़ी शहर ज्योति भारद्वाज, पिलानी शहर हर्षवर्धन सिंह शेखावत, चिड़ावा ग्रामीण विकास स्वामी, देव रोड ग्रामीण सज्जन कोठारी, मंड्रेला ग्रामीण महामंत्री सुल्तान ग्रामीण महामंत्री, झुंझुनू कमलकांत शर्मा, नरेंद्र कुमार, राजेंद्र चौधरी, राजू मराठा आदि जिले भर से भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कृषि उपज मंडी का अतिरिक्त सचिव चालीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की सीकर टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कृषि उपज मंडी नीमकाथाना के अतिरिक्त चार्ज सचिव एवं सीकर मंडी के अतिरिक्त सचिव रणधीर सिंह को चालीस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि आरोपी रणधीर सिंह परिवादी के परिजनों के नाम चार दुकानों के लाइसेंस जारी करने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद एसीबी चौकी सीकर ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें आरोपी द्वारा अस्सी हजार रुपए की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में सीकर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय कुमार के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सुभाष मील एवं उनकी टीम ने ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी को परिवादी से चालीस हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

## संसद का 3 दिन का विशेष सत्र बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है, लेकिन कार्यक्रम के अनुसार इसे अनिश्चितकाल के लिए खत्म नहीं किया जाएगा। बल्कि कुछ समय के लिए स्थगित किया जाएगा। इसके बाद दोबारा बुलाया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक इस दौरान महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने राज्यसभा में कहा कि सभी सदस्यों को इसकी जानकारी है। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि सत्र को बढ़ाने का मकसद महिला आरक्षण कानून में संशोधन है। हालांकि उन्होंने कगा कि संसद ने देश की महिलाओं से जो वादा किया है, उसे पूरा करना सरकार का कर्तव्य है।

# झुंझुनू में खेल विश्वविद्यालय की मांग का सांसद ओला ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू से सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान शेखावाटी क्षेत्र के युवाओं से जुड़े एक अहम मुद्दे को प्रभावशाली तरीके से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से झुंझुनू जिले में एक खेल विश्वविद्यालय अथवा राष्ट्रीय स्तर के खेल संस्थान की स्थापना करने की मांग की। सांसद ओला ने अपने संबोधन में कहा कि झुंझुनू सहित पूरा शेखावाटी क्षेत्र देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां के युवाओं की सेना में उल्लेखनीय भागीदारी, उच्च शैक्षणिक उपलब्धियां और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन देशभर में सराहनीय है। इस क्षेत्र ने देश को अनेक वीर सैनिकों के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इतनी समृद्ध खेल प्रतिभा होने के बावजूद क्षेत्र में आधुनिक खेल सुविधाओं और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों की भारी कमी है। इस कारण यहां के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे कई प्रतिभाएं आर्थिक और पारिवारिक कारणों से आगे नहीं बढ़ पाती। सांसद ने मांग की कि झुंझुनू में पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान की तर्ज पर एक उच्च स्तरीय खेल विश्वविद्यालय या संस्थान स्थापित किया जाए। इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और बेहतर अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं तो न केवल झुंझुनू बल्कि पूरे




शेखावाटी क्षेत्र से देश को और अधिक उत्कृष्ट खिलाड़ी मिलेंगे और भारत खेल जगत में नई ऊंचाइयों को छू सकेगा।

# विकसित भारत के विजन को साकार करने में युवा शक्ति की भूमिका अहम : सीएम

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने में युवा शक्ति की भूमिका सबसे अहम है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि युवाओं की ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग किया जाए। माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म देश की इसी युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर राजस्थान में 17 लाख से अधिक पंजीकरण हुए हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और उनकी प्रतिभा को अवसर देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

श्री शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म के तहत प्रदेश में हो रही गतिविधियों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में माय भारत की गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृति की रोकथाम के लिए नशा मुक्ति की दिशा में भी गतिविधियां संचालित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। युवाओं को पर्यटन, सोलर, पेट्रोकेमिकल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए यह प्लेटफॉर्म बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही, इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध डेटा से युवाओं



को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान का युवा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नशा मुक्ति, फिटनेस और सामाजिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से 'फिट राजस्थान, हिट राजस्थान' के विजन को हर गांव और शहर तक पहुंचाया जाए।

**योजनाओं से युवा और महिलाएं हो रही सशक्त**-श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान युवा नीति-2026 के माध्यम से प्रदेश सरकार ने युवाओं के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। युवाओं को ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है, ताकि उद्यमिता को बढ़ावा मिले और युवा रोजगार प्रदाता भी बने। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मा वाउचर योजना, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है।

**भर्ती परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध रूप से आयोजित**-मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पेपरलीक और भ्रष्टाचार जैसी घटनाओं से युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ। अब भर्ती परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध रूप से आयोजित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरी के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा 1 लाख से ज्यादा पदों का भर्ती कैलेण्डर जारी किया जा चुका है।

# रक्षा निर्यात का ऐतिहासिक रिकॉर्ड : देश का रक्षा निर्यात बढ़कर हुआ 38,424 करोड़ रुपए, 62.66% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली

भारत ने रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात का एक नया व ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना है। इस दौरान देश का कुल रक्षा निर्यात बढ़कर 38,424 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 62.66 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दर्शाता है। गौरतलब है कि भारत ने वर्ष 2030 तक 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही 3 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन भी स्वदेश में होगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा निर्यात में 14,802 करोड़ रुपए की बड़ी बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि दुनिया भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं और उन्नत मैन्युफैक्चरिंग पर तेजी से भरोसा कर रही है।




उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और निजी उद्योग दोनों की अहम भूमिका रही है। कुल निर्यात में भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों का योगदान 54.84 प्रतिशत रहा, जबकि निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 45.16 प्रतिशत रही है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि भारत का रक्षा सेक्टर अब एक मजबूत, सहयोगी और आत्मनिर्भर व्यवस्था के रूप में विकसित हो रहा है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक नई सफलता की कहानी लिख रहा है। सरकार की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी नीतियों के चलते देश न सिर्फ अपनी जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि वैश्विक बाजार में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।



## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जन्मोत्सव पर किए दर्शन

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में चैत्र पूर्णिमा व हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में श्रद्धा और आस्था के साथ भव्य हवन का आयोजन किया गया। हवन का आयोजन राजूराम पुजारी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं, विशेष रूप से माताओं एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हवन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भजन-कीर्तन में लीन नजर आए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ हवन में आहुतियां देकर भगवान से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में अनुशासन और श्रद्धा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। केक का भोग लगाकर बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया दरबार को भव्य फूलों से सजाया गया ।

## हनुमान जन्मोत्सव पर दिया कुमारी ने पश्चिम मुखी हनुमान मंदिर में किए दर्शन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सांगानेरी गेट स्थित प्रसिद्ध पश्चिम मुखी हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर बजरंगबली के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और आमजन के सुख-समृद्धि की कामना की। उपमुख्यमंत्री ने पवनपुत्र हनुमान से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे सभी के जीवन में शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से धर्म, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेने का आह्वान भी किया। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बजरंगबली की आराधना कर पर्व मनाया।

# अंकों की दौड़ में पिछड़ती प्रतिभा



लेखक- शिव आनन्द शर्मा

नवयत्न।

बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम इस बार इतने स्पीड से जारी हुए कि घड़ी भी शर्मा जाए और अंक इतने ज्यादा कि मेधावी भी सोच में पड़ जाए! शिक्षा व्यवस्था में इन दिनों नंबरों की सुनामी ने एक नया सवाल खड़ा कर दिया है-क्या वाकई प्रतिभा बढ़ी है या फिर अंकों के साथ छपे होर्डिंग्स का बाजार सज गया है ? छात्रों ने भी ऐसा कमाल दिखाया कि 95 प्रतिशत अब सामान्य और 99 प्रतिशत लगभग ठीक-ठाक माना जाने लगा है। हालत यह है कि मोहल्ले का हर दूसरा बच्चा टॉपर घोषित हो रहा है और वास्तव में मेहनत करने वाला बच्चा खुद अपनी पहचान ढूंढता फिर रहा है। शिक्षाविदों की मानें तो इतने अधिक अंक और इतनी जल्दी परिणाम जारी होना कहीं न कहीं मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है। कॉपियां जांची जा रही हैं या सिर्फ नंबर बांटे जा रहे हैं। संभव है शिक्षकों को भी अपने विषय के परीक्षा परिणाम की चिंता है तो वही विद्यालयों को अपनी व्यवसायिक प्रतिष्ठा की। इस दबाव में शिक्षा की गुणवत्ता और प्रतिभा की कद्र का क्या स्तर रह जाएगा यह बहस का विषय है। अब वो दौर आ गया है जब 100 में 100 लाना भी अच्छा प्रयास माना जाएगा और 98 लाने वाला बच्चा घर में सफाई देने को मजबूर होगा-मम्मी, बस दो नंबर ही तो कटे हैं! वहीं दूसरी ओर असली प्रतिभाएं जो गहराई से समझती हैं, वे इस नंबरों की भीड़ में कहीं खोती नजर आ रही हैं। मूल्यांकन की पद्धति इतनी उदार हो गई है कि छात्र केवल रटकर या विशिष्ट पैटर्न का पालन करके अंक बटोर रहे हैं। जब अंक बहुत सुलभ हो जाते हैं तो वे अपनी वास्तविक गरिमा और मूल्य खो देते हैं। यही हाल रहा तो आने वाले समय में डिग्रियां तो सबके पास होंगी लेकिन असली हुनर और काबिलियत खोजने के लिए शायद अलग से प्रतिभा खोज अभियान चलाना पड़ेगा।

भविष्य में सफल व तनाव रहित खुशहाल पीढ़ी की हमे चाहिए तो हमें समझना होगा कि डिग्री और मार्कशीट का बढ़ता आकार प्रतिभा की गारंटी नहीं है। उद्योग जगत की अक्सर यह शिकायत रहती है कि उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र भी रोजगार के अयोग्य हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि उनके पास किताबी ज्ञान तो है लेकिन तकनीकी कौशल, संवाद क्षमता और व्यावहारिक समझ की भारी कमी है। शिक्षा का वास्तविक अर्थ है-तार्किक क्षमता और समस्या समाधान का कौशल विकसित करना।

लेकिन वर्तमान में छात्र क्या सोचना है के बजाय क्या याद करना है पर ध्यान दे रहे हैं। मौलिक सोच की जगह गाइड बुक्स और नोट्स ने ले ली है। परिणामस्वरूप छात्र परीक्षा में तो टॉपरश् बन जाते हैं लेकिन वास्तविक जीवन की चुनौतियों या शोध कार्यों में पीछे रह जाते हैं। अंकों के इस अंबार ने समाज में एक अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है। 90 प्रतिशत अंक लाने वाला छात्र भी स्वयं को असफल महसूस करता है क्योंकि पड़ोस वाले के 95 प्रतिशत हैं। यह दबाव छात्रों की स्वाभाविक रुचि और रचनात्मकता को कुचल देता है। खेल, कला और नवाचार जैसे क्षेत्र इस नंबर गेम की भेंट चढ़ रहे हैं। अब सवाल यही है-क्या हम शिक्षा को बेहतर बना रहे हैं या सिर्फ अंकों का महोत्सव मना रहे हैं ?

## कोबरी-सार



# रक्तदान शिविर : 170 यूनिट रक्त संग्रहित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विद्याभारती पब्लिक स्कूल गाजुवास के संस्थापक स्व. हवासिंह सहारण की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक गांव गाजुवास में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 170 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य भारतीय हॉस्पिटल चूरू एवं संजीवनी ब्लड बैंक चूरू की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान परिवारजनों सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वर्गीय हवासिंह सहारण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर बजरंग सहारण, श्रवण सहारण, श्रवण गडाणा, पूर्व सरपंच मगनीराम गोस्वामी, रामावतार पांडिया, केदारमल पारीक, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सहारण, मनोज पांडिया, अनिल पारीक, कर्नल राकेश सहारण एवं शिवनारायण सहारण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन च्यानानमल सहारण द्वारा किया गया। यह आयोजन न केवल स्वर्गीय हवासिंह सहारण की स्मृति को समर्पित रहा बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ।

# हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** नवलगढ़ मार्ग पर नई जोत बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पुजारी ओमदास स्वामी ने बताया कि इस दौरान वृंदावन से आए कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मधुर भजनों की स्वर लहरियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। हनुमान जी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इस दौरान पुजारी गोपालदास, नन्दकिशोर स्वामी, प्रवीण स्वामी, चन्द्रभान, रामावतार, अशोक कुमार, कैलाश स्वामी, देवेंद्र ओळख, डॉ रोहिताश्व शर्मा, बिजेन्द्र स्वामी, दिनेश सैन आदि मौजूद रहे। उधर गुवाड़ वाले बालाजी मंदिर में स्थानीय कलाकारों ने बालाजी को भजनों से रिझाया। ऊबली का बालाजी के लिए निशान पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। पिपलेश्वर महादेव मंदिर व सुरों का बालाजी मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम हुए।

# बाडेटिया जिला उपाध्यक्ष एवं खेतड़ी अध्यक्ष नियुक्त

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मेघवाल समाज संघ ने झुंझुनू शाखा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए केसीसी प्रोजक्ट में मैनेजर के पद पर कार्यरत राजकुमार बाडेटिया को मेघवाल समाज संघ जिला झुंझुनू शाखा का उपाध्यक्ष एवं खेतड़ी तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बाडेटिया को यह जिम्मेदारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रूपा राम की सहमति पर जिला महासिचव डॉ विकास काला ने राजकुमार बाड़ेटिया को जिला शाखा का उपाध्यक्ष एवं खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया।

# महात्मा गाँधी कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर्षोल्लास से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। सहायक आचार्य जितेन्द्र दायमा ने बताया की कोमल वर्मा सहायक आचार्य चित्रकला के निर्देशन में महाविद्यालय प्रांगण में स्थित श्री हनुमान मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया। पंडित राकेश चुलेट के सानिध्य में संस्था अध्यक्षा पार्वती देवी, सचिव डॉ. उषा खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र यादव, उप प्राचार्य विजेंद्र पूनिया, श्याम सामोता, कला संकाय प्रभारी शिवप्रसाद यादव, विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद वर्मा, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, आईटीआई प्राचार्य महेन्द्र यादव, एमजी स्कूल प्राचार्य आनंद बबेरवाल, बीएड उपप्राचार्य ग्यारसी लाल यादव द्वारा सामूहिक जोत लेकर हनुमान चालीसा का वाचन किया गया। उसके पश्चात समस्त स्टाफसदस्यों और विधार्थियो द्वारा सामूहिक हवन का आयोजन कर आहुति दी गयी। तत्पश्चात हनुमान जी की महाआरती का आयोजन किया गया। पंडित राकेश चुलेट, जितेन्द्र सिंह दायमा, योगेश सैनी ने मंत्रोच्चार कर भक्तिमय माहौल बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सहायक आचार्य कमलेश वर्मा, बृजमोहन यादव, दीपेंद्र वर्मा, धर्मपाल बिजारणियां, अनुष्का मिश्रा, शशिकला पालावत, ममता चौधरी, सरिता, डिम्पल, ममता यादव, विक्रम शर्मा, सुमित्रा चौधरी, करीना कुमावत, सुमन वर्मा, कमल जाँगिड़, पवन परसोया, राजकुमार, जितेन्द्र सामोता सहित समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

# मानव सेवा की अद्भूत मिसाल : अपना घर आश्रम नोखा बना असहायों का सहारा

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** मानवता, सेवा और करुणा के जीवंत उदाहरण के रूप में स्थापित अपना घर आश्रम, नोखा में आज का दिन विशेष रूप से भावनात्मक और प्रेरणादायक रहा। आश्रम परिसर में उस समय आत्मीयता और सेवा भावना का अनूठा संगम देखने को मिलाए जब समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों श्याम सिंह सह-संपादक, पाथेयकण, विक्रम जिला प्रचारक, आरएसएस नोखा एवं आश्रम के सचिव सतीश झंवर का स्नेहिल आगमन हुआ। आगंतुकों के स्वागत में आश्रम परिवार द्वारा सादगी और आत्मीयता का परिचय दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने आश्रम में निवास कर रहे प्रभुजनों से एक-एक कर मुलाकात कीए उनका हालचाल जाना और उनके जीवन अनुभवों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान कई ऐसे भावुक क्षण भी सामने आए, जब कुछ प्रभुजनों ने अपनी पीड़ा और संघर्ष की कहानियां साझा कीं।

जिन्हें सुनकर उपस्थित जन भावुक हो उठे।

## सेवा का विशाल दायरा, समर्पण की अनूठी मिसाल

अपने उद्बोधन में श्याम सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है, और अपना घर आश्रम इस विचार को साकार रूप देता है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि जहां सामान्य परिस्थितियों में व्यक्ति अपने परिवार के एक सदस्य की देखभाल करने में भी कई बार असमर्थ हो जाता है, वहीं इस आश्रम में लगभग 572 लावारिस, असहाय एवं जरूरतमंद प्रभुजनों की सेवा केवल 30 सेवा साथियों द्वारा अत्यंत समर्पण, अनुशासन और प्रेमभाव के साथ की जा रही है। यह तथ्य न केवल आश्चर्यजनक है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है कि सीमित संसाधनों में भी यदि निष्ठा और सेवा भावना हो, तो बड़े से बड़ा कार्य संभव है।

## आश्रम : केवल आश्रय नहीं, बल्कि अपनापन का घर

आगंतुकों ने आश्रम की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की स्वच्छता, सुव्यवस्थित दिनचर्याए चिकित्सा सुविधाओं एवं भोजन व्यवस्था की सराहना की। विशेष रूप से उन्हें यह देखकर अत्यंत संतोष हुआ कि आश्रम में निवास कर रहे प्रत्येक प्रभुजन के साथ परिवार के सदस्य जैसा व्यवहार किया जाता है। यहां केवल शारीरिक सेवा ही नहीं, बल्कि भावनात्मक सहयोग और मानसिक संबल भी प्रदान किया जाता है, जो किसी भी व्यक्ति के पुनर्वास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## सेवा ही सर्वोच्च धर्म

विक्रम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्यदि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, तो हमें सेवा और करुणा को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने आश्रम में कार्यरत सभी सेवा साथियों को समाज का वास्तविक नायक बताया और कहा कि उनका यह योगदान अनमोल है। श्याम सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा जो हाथ सेवा के लिए उठते हैं, वही सबसे श्रेष्ठ होते हैं। यह कार्य किसी साधारण सेवा का नहीं, बल्कि भगवान के कार्य का स्वरूप है। उन्होंने सेवा साथियों को नमन करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और त्याग के कारण ही यह आश्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

## समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत

कार्यक्रम के अंत में आगंतुकों ने आश्रम परिवार को इस सेवा कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि समय-समय पर सेवा कार्यों में नवाचार लाकर और अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जाए, ताकि इस प्रकार की संस्थाएं समाज में और अधिक सशक्त रूप से कार्य कर सकें। अपना घर आश्रम, नोखा न केवल एक संस्था है, बल्कि यह मानवता, करुणा और निस्वार्थ सेवा का जीवंत प्रतीक है। यहां हो रही सेवा यह संदेश देती है कि यदि मन में सच्ची भावना हो, तो हर असहाय व्यक्ति को सहारा दिया जा सकता है। यह आश्रम समाज को यह प्रेरणा देता है कि सेवाए समर्पण और प्रेम के माध्यम से ही एक बेहतर और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है।

# नशीला पदार्थ पिलाकर विवाहिता से दुष्कर्म

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट जयपुर क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक परिचित युवक ने मिलने के बहाने उसे होटल में बुलायाए जहां नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा। पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय विवाहिता ने शिकायत में बताया कि आरोपी उससे परिचित था और दोनों के बीच बातचीत होती रहती थी। आरोपी ने किसी जरूरी काम का बहाना बनाकर 20 दिसंबर को उसे मिलने के लिए बुलाया और होटल ले गया। वहां उसे धोखे से नशीला पेय पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर विरोध करने पर आरोपी ने मोबाइल में बनाई गई अश्लील वीडियो क्लिप दिखाकर उसे वायरल करने की धमकी दी। लोकलाज के भय से पीड़िता चुप रही, लेकिन आरोपी लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा।

# हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना गाँव में कुआं वाला बालाजी मंदिर रैगर बस्ती में गुरुवार को बजरंगबली हनुमान महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण ओमप्रकाश ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के दिन गुरुवार को मंदिर का मध्य एवं आलौकिक श्रंगार किया गया। यज्ञ, हवन, संगीत हनुमान मंदिर पूजा अर्चना कर के प्रसाद वितरण किया गया। उसके पश्चात् 51 महिलाए सामुदायिक भवन काली माता मंदिर के पास से कलश यात्रा चनाना के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी और कुआं वाला बालाजी मंदिर रैगर बस्ती मंदिर में कलश चढ़ाए गए। 10 बजे भजन मण्डली लवली एंड पार्टी जयपुर द्वारा भक्ती गीत और हनुमानजी के भजन गाये गए। गीत संगीत की स्वर लहरी का कार्यक्रम किया गया। शाम को सवा 5 बजे प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में भारी संख्या में उपस्थिति रही। इस मौके पर राहुल, विक्की, कमल, राजेंद्र, आलोक, आनंद, अमित, रमेश, दीपक, कलवंत, इन्द्राज, नितेश, प्रहलाद, रोहताश, रोहित, संजय, हिमांशु, विजय, नंदलाल, सुरेद्र एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# केटीएसएस ने चार श्रम संहिताओं को लागू करने को लेकर जताया विरोध

निसं




**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** तांबा श्रमिक संघ कार्यालय में बुधवार शाम को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान केंद्रीय श्रमिक संघों के आह्वान पर चार श्रम संहिताओं के विरोध में काला दिवस मनाया साथ ही कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदेशर्न किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण गर्वा औरकॉमरेड राम सिंह शेखावत अध्यक्ष मंडल ने की। केटीएसएस महासचिव बिड़दूराम सैनी ने कहा कि देश के श्रमिकों ने अंग्रेजी शासन से लेकर अभी तक की सरकारों से 44 केन्द्रीय कानून तथा 150 राज्यों के कानून अपने पक्ष में बनवाए थे। मगर केंद्र सरकार ने मजदूरों के त्याग और बलिदान से बनाए इन कानूनों को संहिताओं के नाम पर व्यापार को सुगम बनाने के नाम पर कार्पोरेट एवं पूंजीपतियों को लाभ देने के लिए बनाया गया है। केंद्रीय 44 कानूनों में से पंद्रह को खत्म कर दिया तथा 29 कानूनों को चार श्रम संहिताओं में कोविड के समय जब विपक्षी सांसदों को संसद से सस्पेंड किया हुआ था तब पास किया एवं 21 नवम्बर 2025 को लागू करने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। जिनको अप्रैल 2026 को नियमों को लागू करने की तिथि निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि इन श्रम संहिताओं के द्वारा मजदूरों का कानून में कवरेज कम या खत्म कर दिया है। उन्होंने बताया कि उद्योग की परिभाषा तथा लागू करने की सीमा को दस की जगह बीस और बीस की जगह चालीस एवं कई जगह पर पचास कर दिया है। कई क्षेत्रों में कानूनों के दायरे से ही बाहर कर दिया है। स्थाई आदेश, ले ऑफ छटनी एवं क्लोजर में 100 से 300 कर दिया है। इसी प्रकार वेतन की सीमाएं लगाई गई है। स्थाई रोजगार को फिक्स्ड टर्म में बदल दिया है। ठेका कामगारों के स्थायीकरण व समान काम के समान वेतन को खत्म कर दिया है। मालिकों की जेल की सजा जुर्माने में बदल दी है तथा इनकी सुनवाई न्यायालयों की जगह प्रशासनिक अधिकारी करेंगे। यूनियन का गठन एवं संचालन मुश्किल कर दिया है। साथ ही मजदूरों की सजाएं बढ़ा दी है। हड़ताल के अधिकार एवं बारगेनिंग पावर को सीमित कर दिया है। इस प्रकार मजदूरों को गुलामी के समय में धकेलने की ओर अग्रसर कर दिया है। जिसके चलते पूरे देश में काला दिवस मनाया गया है। इस दौरान सचिव बाबूलाल सैनी, तेजपाल गुर्जर, ओम प्रकाश लांबा, विनय त्यागी, महेंद सिंह, उम्मेद मीना, खुशी राम यादव ने भी संबोधित किया। संचालन कोलिहान शाखा के सचिव ओम प्रकाश चिरानी ने किया। इस मौके पर हाल में केसीसी मैनेजमेंट एवं एचसीएल/केसीसी मैनेजमेंट के साथ हुई सहमति एवं बातचीत के मुद्दे जिनमें ठेका कामगारों की वेतन बढ़ोतरी एवं सुविधाओं की महामंत्री ने जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने अंत में काला दिवस के बैनरों के साथ श्रम संहिताओं को वापस लेने के नारे लगाए गए।

# वाणिज्य वर्ग में गौरव सैन 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित 12 वीं वाणिज्य संकाय परीक्षा परिणाम में विद्यलाय के गौरव सैन पुत्र सुरत प्रकाश ने वाणिज्य वर्ग में 95.00 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने गौरव सैन सहित 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने मेधावी व प्रतिभावान विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं की। उन्होंने माध्यमिक परीक्षा में बने विद्यालय रिकॉर्ड को तोड़कर अप्रत्याशित व उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने पर धन्यवाद दिया और कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थी अपना, अपने विद्यालय परिवार व देश का नाम रोशन करें। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मेधावी छात्र गौरव सैन ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबन्धन, शिक्षक टीम, माता-पिता को देते हुए कहा कि मेरी उपलब्धि गुरूजनों का आशीर्वाद व कड़ी मेहनत है। गौरव सैन भविष्य में सी. बन कर देश सेवा करना चाहता है। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

## भाजपा का स्थापना दिवस 6 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा का स्थापना दिवस कार्यक्रम 6 अप्रेल को सुबह 10 बजे जिला भाजपा कार्यालय में मनाया जाएगा।

मुख्य वक्ता पार्टी के राजस्थान प्रभारी व राज्यसभा सदस्य डॉ . राधामोहनदास अग्रवाल होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के शीर्ष नेतृत्व, पूर्व सांसद, विधायक व पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा एवं मंडलों के पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# पीएमश्री विद्यालय ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक परिणाम रहने पर पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं नामांकन अभिवृद्धि रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य डॉ. मधु चौधरी ने बताया कि विद्यालय के 19 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विज्ञान वर्ग में विकास सैनी ने 97.2 प्रतिशत व हेमंत सैनी ने 96.8 प्रतिशत और कला वर्ग में मोहित कुमार सैनी ने 96.6 प्रतिशत, भूमिका के 95 प्रतिशत व सपना सैनी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकालकर अभिभावकों को सरकारी विद्यालय से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में एसडीएमसी सदस्य, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि की सराहना की।

# अष्टविनायक धाम में सुंदरकांड पाठ आयोजित

निसं



**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद रोड स्थित अष्टविनायक धाम में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। मन्दिर परिसर में रंग बिरंगी फूलों एवं रोशनी से सजावट की गई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। महाआरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। सुन्दरकाण्ड पाठ में ट्रस्टी अन्नू अनिल अग्रवाल, वीना नरेंद्र झुंझुनुवाला, पंडित रामलाल शर्मा, पंडित शम्बूदयाल, प्रद्युम्न शर्मा, अर्जुनलाल मिश्रा, शंकर सैनी, रामकल्याण मीना, सुभाष सैनी, हरिराम सैनी चाँद सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# नायक ने संभाला जयपुर जिला कलेक्टर का पदभार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के नए जिला कलेक्टर के रूप में संदेश नायक ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में गरिमामय वातावरण में पदभार ग्रहण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। पदभार संभालने के बाद नायक ने कहा कि जयपुर जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील जिले की जिम्मेदारी संभालना उनके लिए गर्व के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। उन्होंने भरोसा जताया कि जिला प्रशासन की टीम के सहयोग से राज्य और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुशासन केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर लागू करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आमजन को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसी दिशा में जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत व परिणामोन्मुखी बनाया जाएगा, ताकि प्रत्येक परिवेदना का शीघ्र निस्तारण हो सके। नायक ने अधिकारियों को आमजन के साथ संवाद बढ़ाने और संवेदनशीलता के साथ समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी नवाचारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देकर पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यक्षमता में वृद्धि की जाएगी। ई-फाइल प्रणाली सहित आईटी आधारित व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट्स के जरिए योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी, ताकि उनका लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच सके। नवाचारों को प्रोत्साहन देकर जिले को विकास और सुशासन के नए आयामों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। पदभार ग्रहण के बाद नायक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की प्रारंभिक समीक्षा की और समन्वय व टीम भावना के साथ काम करने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि नायक इससे पूर्व सिरोही, भरतपुर और चूरू जिलों में जिला कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

# भव्य 1551 ध्वजा यात्रा निकाली



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** हनुमान जयंती के अवसर पर होली धोरा स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार सुबह श्री वेंकटेश्वर मंदिर से 1551 ध्वजों के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख बाजारों से गुजरते हुए वीर हनुमान मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान शहर में जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर ध्वज यात्रा का स्वागत किया गया। मंदिर प्रबंधन समिति के गोपाल बगड़िया ने बताया कि हनुमान जयंती पर श्री वीर हनुमान मंदिर में दिव्य ज्योति प्रज्वलन के साथ 108 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ किया गया। वीर हनुमान का अलौकिक श्रृंगार किया गया तथा मंदिर को सजाया गया। गोपाल बगड़िया ने बताया कि संध्या के समय महाआरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गय। ध्वज यात्रा सहित अन्य धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस

### शुरुआती संकेतों की पहचान से बच्चों के विकास को मिलती है नई दिशा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित इस दिवस का उद्देश्य ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम से जुड़े व्यक्तियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में उनकी स्वीकार्यता सुनिश्चित करना है। यह दिवस न्यूरोडायवर्सिटी को समझने और हर बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं के अनुरूप सहयोग उपलब्ध कराने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। वहीं, पूरे अप्रैल माह को ऑटिज़्म जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें स्कूल, स्वास्थ्य संस्थान और समुदाय मिलकर समावेशी वातावरण बनाने की दिशा में कार्य करते हैं। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर के एडिशनल डायरेक्टर पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी डॉ. शरद शर्मा ने बताया कि समय पर पहचान और शीघ्र हस्तक्षेप ऑटिज़्म से जुड़े बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स में वर्ष 2021 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग हर 68 बच्चों में से 1 बच्चा ऑटिज्म स्पेक्ट्रम से प्रभावित होता है, लेकिन कई मामलों में पहचान देर से हो पाती है। यदि शुरुआती संकेतों को समय रहते पहचान लिया जाए तो बच्चों के विकासात्मक परिणामों और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

### शुरुआती संकेत जिन पर रखें ध्यान

बोलने में देरी या सीमित संवाद क्षमता, आंखों से संपर्क कम रखना या नाम पुकारने पर प्रतिक्रिया न देना, सामाजिक गतिविधियों या खेल में कम रुचि, दोहराव वाले व्यवहार जैसे हाथ हिलाना या वस्तुओं को एक पंक्ति में लगाना, दिनचर्या में बदलाव को स्वीकार करने में कठिनाई तथा ध्वनि, रोशनी, स्पर्श या बनावट के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता जैसे संकेत ऑटिज्म के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं।

### निदान की प्रक्रिया

डॉ. शर्मा के अनुसार, ऑटिज़्म के लक्षण आमतौर पर तीन वर्ष की आयु से पहले दिखाई देने लगते हैं। इसका निदान बच्चे के व्यवहार और विकासात्मक पैटर्न के आधार पर किया जाता है। विशेषज्ञों द्वारा स्क्रीनिंग टूल्स और विस्तृत मूल्यांकन के जरिए इसकी पुष्टि की जाती है। समय पर पहचान से हस्तक्षेप और उपचार शीघ्र शुरू किया जा सकता है।

### देखभाल और सहयोग की भूमिका

ऑटिज्म से जुड़े बच्चों के लिए निरंतर और सही सहयोग बेहद जरूरी है। व्यवहारिक, स्पीच और ऑक्यूपेशनल थेरेपी उनके समग्र विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इसके साथ ही, संरचित दिनचर्या और सहायक वातावरण बच्चों के सीखने और अनुकूलन को बेहतर बनाते हैं। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी और केयरगिवर्स का प्रशिक्षण भी उपचार प्रक्रिया को मजबूत बनाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलने पर ऑटिज्म स्पेक्ट्रम से जुड़े कई बच्चे आगे चलकर आत्मनिर्भर और संतोषजनक जीवन जी सकते हैं। यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि ऑटिज़्म के शुरुआती संकेतों की पहचान किसी लेबल के लिए नहीं, बल्कि बच्चों को सही समय पर उचित देखभाल, समझ और अवसर प्रदान करने के लिए बेहद जरूरी है।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पिंक सिटी प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित प्रबन्ध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को भैरों सिंह शेखावत सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव राजकुमार शर्मा जकड़ी, उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा एवं पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष नमो नारायण अवस्थी सहित कार्यकारिणी सदस्य अनिता शर्मा, मतीष पारीक, निखलेश शर्मा, छगन लाल शर्मा, विकास आर्य, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, महंत संतोष कुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, उमंग माथुर तथा धूलीलाल मीणा डीसी शामिल रहे। सभी ने क्लब के संविधान एवं नियमों के तहत कार्य करते हुए पत्रकारिता और क्लब हित में योगदान देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी 24 घंटे पत्रकारों और प्रेस क्लब के हित में कार्य करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि टीम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्लब का संचालन करेगी तथा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार से संवाद स्थापित कर ठोस कदम उठाएगी। समारोह के अंत में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत एवं उनकी टीम का माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन टीम की सराहना की।

# सफलता की नई उड़ान : रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेधावियों का सम्मान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सोडाला स्थित विवेक विहार के रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट परिणाम देकर एक बार फिर शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया, जिसके उपलक्ष में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी.एस. रावत, डायरेक्टर हेमेंद्र हेमेंद्र रावत एवं प्रिंसिपल सुशीला नेगी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से ही यह शानदार सफलता संभव हो पाई है। डायरेक्टर हमेन्द्र रावत ने बताया कि विद्यालय के तीनों संकायों और कक्षा 10वीं का परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहा। इसके चलते कक्षा 12वीं विज्ञान वर्गद्ध 96.40 प्रतिशत परिणाम रहा। हर्षित सिंह हाडा टॉपर रहे। 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्गद्ध 93.80 प्रतिशत परिणाम के साथ भूमि कश्यप ने टॉप किया। 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं कला वर्गद्ध 95.60 प्रतिशत परिणाम रहा। हिमांशी देवासी टॉपर रहीं। 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कक्षा 10वीं: विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा। वंश ने 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के जोहड़ वाले बालाजी मंदिर, अंजनी माता मंदिर, आशापूर्ण हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में हनुमान जी के खीर-चूरमे व नारियल का भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर में धोक लगाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जोहड़ वाले बालाजी मंदिर के पुजारी खींवकरण शर्मा ने बताया कि रात्रि को मंदिर में जागरण का आयोजन किया गया जिसमें अनेक गायक कलाकारों ने भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दी। लोग देर रात्रि तक भजनों का आनंद लेते रहे। सुबह श्रद्धालुओं को स्वामणी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर में मेला भी भरा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भण्डारा आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा के नवीन वार्ड नंबर 21-22 में स्थित चमत्कारी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी बबलू अवाना, प्रभु राजोता, राजवीर, एड. महेंद्र छावड़ी थे। पंडित कैलाश शर्मा के सानिध्य में गुरूवार सुबह सवा आठ बजे विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर हवन आयोजन के साथ बालाजी की ज्योत प्रज्वलित कर भंडारे का शुभारंभ किया। इससे पूर्व बुधवार देर रात्री को पुरूषोत्तम एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या का शुभारंभ किया। कलाकारों ने बालाजी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इसी प्रकार टाउनशीप के सनातन धर्म मंदिर, बावड़ी की ढाणी हनुमान मंदिर, सीआईएसएफ लाईन स्थित शिव मंदिर, आजाद मार्केट स्थित हनुमान मंदिर, जगदंबा मार्केट के चमत्कारी हनुमान आदि मंदिरों में सुबह से ही बालाजी के सिंदुर चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष हौशियारसिंह, अशोकसिंह, रघूवीर डोई, बहादुरमल, रतनसिंह, मुंशीराम, सुशील कुमार, धर्ममाल कुमावत, श्यामसुदंर स्वामी, रामलाल वर्मा, महेंद्रसिंह, ईश्वर दयाल, ख्यालीराम, विमल शर्मा, उत्तम सोलंकी, सज्जन मित्तल,, सुरेंद्र सिंह सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# दो सड़क हादसों में 4 लोग हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को सुजानगढ़ छापर के बीच गुलेरिया गांव के पास मेगा हाईवे पर मोटरसाइकिल को पीछे से कार द्वारा टक्कर मारने के कारण बाइक 15-20 फीट उछल कर दूर जा गिरी। इस हादसे में विक्रम सिंह, अरबाज तेली, हसन तेली निवासी वार्ड 20 सुजानगढ़ गंभीर घायल हो गए। जिनको होटल संचालक रामचंद्र जानू, मुकेश, धनराज, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, मनोज प्रजापत, अजय आदि की मदद से सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। डॉ विजय बगड़िया, डॉ रामरतन बिस्सू आदि ने इलाज किया तथा विक्रम सिंह, अरबाज को ज्यादा चोट होने की वजह से हायर सेंटर ले जाया गया। कोतवाली पुलिस मौके पर अस्पताल पहुंची तथा मामले की जानकारी ली। दूसरे हादसे में बुधवार रात गनोडा सारोठिया सड़क मार्ग पर जीएसएस के पास सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से सुजानगढ़ के हनुमान धोरा निवासी अख्तर हुसैन गंभीर घायल हो गए। जिनको बगड़िया अस्पताल लाकर इमरजेंसी मे भर्ती करवाया गया। सदर पुलिस थाने के एएसआई गिरधारी लाल मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली।

# प्रदेश मंत्री बनने पर जयश्री दाधीच का हुआ भव्य स्वागत

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता व नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्ष रही जयश्री दाधीच के भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बनने के बाद सुजानगढ़ पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत करते हुए जुलूस निकाला। जुलूस सालासर रोड से शुरू हुआ और गाड़ियों के काफिले के साथ शहर में पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। जुलूस कृषि मंडी, भोजलाई चौराहा, बीडीएस तिराहा, स्टेशन रोड आदि स्थानों से होते हुए निकला। राठी हॉस्पीटल के बाहर अनिल शर्मा व अन्य लोगों ने जयश्री दाधीच, कमल दाधीच का स्वागत किया। वहीं आवास तक पहुंचने के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, मनभरी देवी मेघवाल, धर्मवीर पुजारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, रिछपाल बिजारणिया आदि ने वक्तव्य के जरिये स्वागत किया। कार्यक्रम में दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, संपत पथानिया, पंकज घासोलिया, गौरव इंदौरिया, हंसराज सोनी, बुद्धिप्रकाश सोनी, शिवभगवान चौहान, अनिल शर्मा, विशाल बाजिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं व लोगों ने जयश्री दाधीच का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच ने मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आदि का धन्यवाद जाहिर करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आलाकमान ने आम कार्यकर्ता की मेहनत को आधार मानकर मुझे ये नई जिम्मेदारी दी है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का मान सम्मान रखते हुए उसे साथ लेकर चलने का काम किया जायेगा और पार्टी की रीति-नीति को जन जन तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जायेगा और संगठन को भी मजबूत किया जाएगा।

# संयम जीवन की कोई उम्र नहीं : राजेश

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** परम श्रद्धेय आचार्य श्री रामेश आदि ठाणा 26 जैन जवाहर भवन में विराज रहे है। उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि म. सा. ने फरमाया कि संयम जीवन की कोई उम्र नही होती है संयम के प्रति अहो भाव होना चाहिये। मुमुक्षु दीक्षा जी के बारे में बताते हुए फरमाया कि जीवन में उतार चढाव आते रहते है पर जो इनसे उपर उठ जाते है वो अपना लक्ष्य को प्राप्त कर लेते है। उन्होनें दीक्षा जी सांखला के संयम जीवन को अंगीकार करना सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये। प्रवचन सभा के दौरान हर्षित मुनि म. सा. ने जीवन को समस्या का घर बताते हुए संयम जीवन अपनानें की प्रेरणा दी। उन्होनें फरमाया कि व्यक्ति हमेशा दु:खी रहता है, एक समस्या खत्म तो दूसरी समस्या तैयार रहती है। संयमी व्यक्ति सदैव संतुष्ट रहता है उसे कभी भी दु:ख नही होता है। आज प्रवचन के दौरान मुमुक्ष डॉ. दीक्षा विमल सांखला की जैन भागवती दीक्षा आचार्य रामेश के मुखारबिन्द से संपन्न हुई। उनका नया नामकरण महासती राम दीपा जी. म. सा. के रूप में किया गया। पूज्य उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि म.सा. ने दीक्षा की विधी संपन्न करवाई जबकि मुण्डन महासती चन्द्रप्रभा म.सा. के कर कमलो से संपन्न हुआ। अहिंसा प्रचारक महेश नाहटा ने दीक्षार्थी बहिन का परिचय दिया। प्रवचन के पश्चात मुमुक्षु दीक्षा सांखला के पारिवारिक जनों का साधुमार्गी जैन संघ नोखा द्वारा अभिनन्दन किया गया। संघ अध्यक्ष भर्भीवराज कांकरिया, मोहनलाल पारख, अशोक डागा, जितेन्द्र गोलछा ने स्वागत किया। महिला मण्डल ने संयम गीत प्रस्तुत किया। आडंबर रहित सादगी पूर्ण दीक्षा की यत्र तत्र सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। संघ कोषाध्यक्ष सुनील आंचलिया ने बताया कि संघ में तपस्थ्याएं निरंतर जारी है। श्रीमती सुमन रांका ने 10 उपवास, विजय कुमार सांड ने 9 उपवास, प्रिती कांकरिया ने 6 उपवास के प्रत्याख्यान कर लिये है। सुन्दर देवी संचेती ने भी आज आचार्य श्री जी के मुखारबिन्द से दीर्घ तपस्या के प्रत्याख्यान गृहण कर लिये है। मंत्री गौतम पारख ने सभा का कुशल संचालन किया।

# वार्षिक उत्सव उमंग-2026 आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** लॉर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल, तारानगर द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव उमंग-2026 का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम पूरी तरह हाउसफूल रहा और दर्शकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक, आकर्षक और अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, नाटक, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रतिभा ने मंच पर ऐसा समां बांधा कि हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज देर तक सुनाई देती रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओम प्रकाश राजपुरोहित, डॉ. रमेश मित्तल, कमल कन्दोई कैलाश शर्मा एवं डीएसपी रोहित सांखला उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम में लॉर्ड्स ग्रुप के अध्यक्ष शंकरलाल सगतानी, चेयरमैन संजय सगतानी, लॉर्ड्स चूरू के चेयरमैन प्रदीप लहरी, लॉर्ड्स ग्रुप के सचिव प्रमोद सगतानी एवं लॉर्ड्स सादुलपुर चेयरमैन प्रवीण लहरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार रोसावाँ, उप-प्रधानाचार्य देवेंद्र गुप्ता एवं सीसीए इंचार्ज अंजना शर्मा के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। इस अवसर पर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। उमंगद्2026 न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि यह विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और रचनात्मकता काअद्भुत प्रदर्शन था। पूरे कार्यक्रम ने उपस्थित सभी दर्शकों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी और यह आयोजन लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर मानव कल्याण संस्था की बैठक आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सामुदायिक भवन अजीतगढ़ में को डॉ. भीमराव अम्बेडकर मानव कल्याण संस्था अजीतगढ़ के तत्वावधान में आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छीतर मल नैनावत द्वारा की गई। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जयंती के शुभ अवसर पर प्रात: 9 बजे भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यह प्रभात फेरी अजीतगढ की अम्बेडकर कॉलोनी शाहपुरा रोड से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त होगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगोष्ठी: प्रभात फेरी के समापन के पश्चात बाबा साहेब के जीवन और उनके विचारों पर आधारित एक विचार गोष्ठी, 10 वीं, 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साफसफाई और सजावटरू बैठक में निर्णय लिया गया कि अम्बेडकर प्रतिमा स्थल और प्रभात फेरी मार्ग की विशेष साफसफाई व सजावट की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य एवं सफलता बनाने के लिए समितियों का गठन किया गया है कार्यक्रम की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने हेतु भोजन समिति, अनुशासन समिति और प्रचार प्रसार समिति जैसी विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, संस्था सचिव डॉ. ओपी वर्मा पीथलपुर, संस्था कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मांवर, अशोक वर्मा, रवि धानका, विक्रम वर्मा, दिनेश वर्मा, सुनील वर्मा, विकास वर्मा, अजय कुमार वर्मा, मोहन लाल अजीतगढ़, दीपक वर्मा, संजू बांकोलिया, अमन वर्मा, गौरव वर्मा, संजू बांकोलिया, अमन वर्मा, गौरव वर्मा, मनीष सौंठवाल, बबलू बुनकर, राहुल धानका सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूटी पाकर खिले छात्राओं के चेहरे



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी कॉलेज भढाढर सीकर की आठ छात्राओं को कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा स्कूटी प्रदान की गई। जानकारी देते हुए कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने बताया कि महाविद्यालय की 6 छात्राओं को पूर्व में स्कूटी प्राप्त हो चुकी थी जिनमें से 2 छात्राओं को स्कूटी अभी प्राप्त हुई है। बीएससी व बीए की छात्राएं क्रमश: सानिया बानो पुत्री अली हसन खान व कृष्णा कंवर पुत्री भरत सिंह को राज्य सरकार द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए स्कूटी प्रदान की गई। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं को प्रतिवर्ष इस योजना के तहत स्कूटी प्राप्त होती है। इसके अलावा केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृति प्राप्त होती है।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह, कमलकिशोर कटारिया सहित प्रबंधन सदस्यों ने छात्राओं को बधाई प्रेषित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# घाटे वाले बालाजी का मेला आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** इश्कपुरा गांव के घाटे वाले चमत्कारी बालाजी मंदिर में शुक्रवार को बालाजी के मेले का आयोजन होगा। मानसिंह ने बताया कि बालाजी का चमत्कारी मंदिर तीन गांव इश्कपुरा, जुझारपुर तथा ढाणा गांव की सीमा पर स्थित हैं, मेले में कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में दूर दराज गांव के लोग भाग लेंगे। मानसिंह ने बताया कि चमत्कारी बालाजी मंदिर में जो भी मन्नत मांगता है उसकी मनौकामना पुरी होती है।

## सम्पादकीय

# सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक अनावश्यक मुकदमा दायर करने के लिए फटकार लगाने के साथ ही उस पर अर्थ दंड भी लगाया। केंद्र सरकार को यह फटकार सीआइएसएफ के एक अधिकारी को सेवा से हटाने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से दिए गए निर्णय के खिलाफ अपील दायर करने पर सुननी पड़ी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया कि यह एक गैर जरूरी अपील थी। यह पहला ऐसा मामला नहीं, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अनावश्यक पाया हो और केंद्र सरकार को फटकारा हो, लेकिन हालात बदल नहीं रहे हैं। 2024 के एक आंकड़े के अनुसार लंबित मामलों में सात लाख से अधिक मामले वे थे, जिन्हें केंद्र सरकार ने दायर कर रखा था। 2019 में ऐसे मुकदमों की संख्या चार लाख के करीब थी।

इसका मतलब है कि सरकार धड़ाधड़ मुकदमे दायर करती है और एक तरह से अपने ही लोगों को अदालतों में घसीटती है। केंद्र सरकार की ओर से सबसे ज्यादा मुकदमे वित्त मंत्रालय ने दायर कर रखे हैं। इसके बाद मुकदमेबाजी में उलझे मंत्रालय क्रमशः रेलवे, रक्षा और श्रम हैं। यदि राज्य सरकारों की ओर से दायर किए जाने वाले मुकदमों का भी संज्ञान लिया जाए तो पता चलेगा कि कुल लंबित मामलों में 45 प्रतिशत से अधिक मुकदमे केंद्र और राज्य सरकारों के हैं। यह प्रतिशत बढ़ता ही जा रहा है। साफ है कि करोड़ों लंबित मामलों के लिए केवल अदालतें ही दोषी नहीं।

यह तो नहीं कहा जा सकता कि केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से दायर किए गए सभी मुकदमे अनावश्यक होते हैं और जिनके खिलाफ वे दायर किए गए होते हैं, उनकी कहीं कोई गलती नहीं होती, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि सरकारें और विशेष रूप से उनका प्रशासन प्रायः छोटी-छोटी बातों को लेकर लोगों या संस्थाओं के खिलाफ मुकदमे दायर कर देता है।

आम तौर पर जो अधिकारी मुकदमे दायर कराते हैं, वे कई बार केवल इसलिए ऐसा करते हैं, ताकि मामले विशेष का निपटारा करने में उन्हें अपना सिर न खपाना पड़े। कई बार वे अपने दायित्वों का नीर-क्षीर ढंग से निर्वाह करने के बजाय मामले को अदालत की चौखट तक पहुंचाने के लिए अधिक तत्पर रहते हैं। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट अतीत में यह टिप्पणी कर चुका है कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दायर 40 प्रतिशत से अधिक मुकदमे तुच्छ होते हैं। यह स्थिति तब है, जब वित्त आयोग और नीति आयोग लंबित मुकदमों के बोझ को कम करने के लिए राज्यों को अपनी मुकदमा नीति पर गौर करने की सलाह दे चुके हैं। सरकारें जो मुकदमे दायर करती हैं, उनकी सुनवाई में खर्च होने वाला पैसा जनता का होता है। यह पैसा सीधे जनता की जेब से नहीं जाता तो इसका यह अर्थ नहीं कि सरकारें बात-बात में मुकदमे दायर करें।

## विशेष आलेख

# परस्पर निर्भर भारत और खाड़ी देश



संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के राष्ट्रपति रहे शेख जायद बिन मोहम्मद के निमंत्रण पर मई 1981 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस खाड़ी देश का दौरा किया था। करीब 45 वर्ष पहले हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने सहमति जताई थी कि खाड़ी क्षेत्र और भारत की सुरक्षा एवं कल्याण की कड़ियां आपस में जुड़ी हुई हैं। समय के साथ यह धारणा और मजबूत ही हुई कि दोनों क्षेत्रों की सुरक्षा और समग्र कल्याण परस्पर निर्भर हैं। एक ऐसे समय जब ईरान युद्ध के चलते समूचे क्षेत्र में अशांति बढ़ने से पूरे समीकरण बदल गए हैं तो यह विचार और प्रासंगिक हो गया है।

अरब प्रायद्वीप में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, यूएई और ओमान जैसे छह प्रमुख देश हैं। यहां दक्षिण एशियाई देशों की बड़ी प्रवासी जनसंख्या रहती है। इनमें से भी सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है, जिनकी तादाद नब्बे लाख से एक करोड़ के बीच है। पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों की संख्या भी पचास लाख से अधिक है। नेपाल और श्रीलंका के भी लाखों लोग यहां हैं। ये लोग इन देशों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये लोग पेशेवर, कार्यकारी और प्रबंधकीय से लेकर अर्धकुशल और सामान्य श्रमिक जैसी भूमिकाओं में सक्रिय हैं। यह कहना एकदम सही होगा कि भले ही खाड़ी देशों में यूरोपीय प्रवासी भी रहते हों, लेकिन उनका काम दक्षिण एशियाई विशेष रूप से भारतीयों के बिना नहीं चल सकता।

काम से जुड़ा भारतीयों का कौशल और भरोसा उन्हें इन देशों में व्यापक रूप से स्वीकार्य बनाता है। जितना खाड़ी के देशों को प्रवासियों की आवश्यकता है, उतनी ही उन्हें भी है, क्योंकि वे अपने देश को भारी मात्रा में धनराशि भेजते हैं। रेमिटेंस कही जाने वाली यह धनराशि इन देशों के वृहद आर्थिक स्थायित्व में संतुलन की भूमिका और बाहरी झटकों से बचाने में उपयोगी होती है। भारत के चालू खाते के लिए यह राशि बड़ा योगदान देती है, लेकिन मौजूदा हालात में पाकिस्तान के लिए यह अस्तित्व का संकट पैदा कर सकती है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही नाजुक बनी हुई है। राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित बांग्लादेश के लिए भी रेमिटेंस की अहमियत कहीं ज्यादा बढ़ गई है। वृहद आर्थिक स्थिरता के अलावा खाड़ी देशों में कार्यरत लोगों द्वारा भेजे जाने वाला रेमिटेंस उनके स्वजनों के लिए भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि अधिकांश परिवारों की योजनाएं इसी भेजी गई राशि के आधार पर टिकी होती हैं। उसके अभाव में उनके परिवारों का भविष्य अधर में भी लटक सकता है।

रेमिटेंस के अलावा खाड़ी देश भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान और अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लिए तो खाड़ी देशों की महत्ता और भी अधिक है। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारत कच्चे तेल और गैस की आवश्यकताओं का आधे से अधिक हिस्सा इन देशों से आयात करता है, लेकिन उसने अमेरिका और यूरोपीय देशों जैसे अन्य स्रोतों से भी तेल आयात को विविधीकृत किया है। ये कुछ महंगे होंगे, लेकिन कम से कम उनकी उपलब्धता तो रहेगी। होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से बाकी दुनिया के साथ ही दक्षिण एशियाई देशों की समस्याएं भी बढ़ी हैं। पाकिस्तान के लिए समस्या यह है कि उसे सऊदी अरब और यूएई से क्रेडिट यानी बाद में भुगतान के साथ भी तेल मिलता है, जो वह अन्य देशों से प्राप्त नहीं कर सकता। इसके चलते भुगतान की स्थिति में पहले से ही आर्थिक मुश्किलों से जूझ रही पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था पर दबाव और बढ़ेगा। उर्वरकों की आपूर्ति में संभावित गतिरोध ने भी कृषि आधारित दक्षिण एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है।

खाड़ी देश भारत के साथ ही अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। भारत का खाड़ी देशों के लिए निर्यात उसके कुल निर्यात का एक बड़ा हिस्सा है। ईरान युद्ध ने इसे प्रभावित किया है। दुबई बंदरगाह कई निर्यात गंतव्यों के लिए पड़ाव भी है। खाड़ी क्षेत्र भारत समेत कई दक्षिण एशियाई देशों के लिए निवेश के महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। भारतीयों और अन्य दक्षिण एशियाई लोगों ने भी खाड़ी देशों में भारी निवेश किया है। इस युद्ध से उस पर आशंकाओं के बादल छाए हैं। इस तरह देखा जाए तो दशकों पहले इंदिरा गांधी और शेख जायद ने दोनों पक्षों के परस्पर हितों के जुड़ाव की जो बात कही थी, वह एकदम सही थी। उन्होंने जिन बिंदुओं पर सहमति बनाई थी, उन्हें आगे बढ़ाने का काम शेख जायद के पुत्र और यूएई के वर्तमान राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने बखूबी आगे बढ़ाया है। दोनों के बीच मजबूत एवं आत्मीय व्यक्तिगत संबंध भी है।

ईरान युद्ध ने यह भी दर्शाया है कि भारत और दक्षिण एशियाई देश एक ही नाव पर सवार हैं। यदि पाकिस्तान भारत के प्रति इतनी नफरत से भरा न होता और बांग्लादेश ने भी हालिया अस्थिरता का परिचय न दिया होता तो संभव है कि दक्षिण एशिया में भारत उनके साथ मिलकर अमेरिका, इजरायल और ईरान से अपील कर सकता था कि वे टकराव के बजाय कूटनीति का सहारा लें। अभी प्रत्येक पक्ष निजी हैसियत से ऐसा कह रहा है, लेकिन सामूहिक स्वर की बात ही कुछ और होती। दक्षिण एशिया की एकजुट आवाज में सबसे बड़ी बाधा पाकिस्तान है। वहां के शासक वर्ग की सत्ता भारत के प्रति नफरत पर टिकी रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में उसके साथ संबंध सामान्य बनाने की दिशा में पहल की, जिसे वहां की सेना ने सफल नहीं होने दिया। अब पाकिस्तान ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता के लिए प्रयासरत है, लेकिन ईरान ने उसके प्रयासों की हवा निकाल दी। पाकिस्तान अपनी इस्लामी पहचान को दक्षिण एशियाई पहचान से ऊपर रख रहा है। इस्लामिक देशों में पाकिस्तान के पास ही परमाणु हथियार हैं, पर उसके चरित्र को देखते हुए इस्लामिक देश ही उसे गंभीरता से नहीं लेते, क्योंकि उसकी राजनीति अस्थिर और अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। पाकिस्तान ईरान युद्ध को अपना कद बढ़ाने के मौके के रूप में देख रहा है, पर वह हमेशा की तरह एक मोहरे के रूप में ही इस्तेमाल होगा। शायद यही उसकी नियति भी है।

## स्वास्थ्य समाचार

# यूरिक एसिड बढ़ गया है तो जरूर बरतें आप ये सावधानियां, लक्षणों से मिलेगी राहत


आजकल युवाओं में हाई यूरिक एसिड के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने पर जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या भी होने लगती हैं। यूरिक एसिड क्रिस्टल की रूप में जोड़ों के आस-पास जमा होने लगता है, जिसके कारण दर्द की शिकायत रहती है। कई बार लोग लंबे समय तक ये जान ही नहीं पाते हैं कि उनके शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ा हुआ है। हाई यूरिक एसिड को लाइफस्टाइल में बदलाव और बेहतर डाइट के साथ कंट्रोल किया जा सकता है। शरीर में यूरिक एसिड का लेवल 3.5 से 7.2 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर के बीच होना चाहिए।

### शरीर में हाई यूरिक एसिड होने पर परहेज और सावधानियां

- शरीर में हाई यूरिक एसिड होने पर आपको मांसाहार का सेवन कर कम देना चाहिए। कई घरों में मांसाहारी भोजन को ज्यादा तेल और मसालों के साथ बनाया जाता है, ऐसे में जिन लोगों में बढ़े हुए यूरिक एसिड की समस्या है उनके लिए यह खाना नुकसानदायक साबित होगा।
- हाई यूरिक एसिड की समस्या से जूझ रहे लोगों को डॉक्टर की सलाह पर ही दालों का सेवन करना चाहिए। दरअसल, दाल, सूखी मटर, सोयाबीन और राजमा जैसी चीजों में प्यूरीन की मात्रा ज्यादा होती है। इन चीजों को डाइट में शामिल करने से मरीज का यूरिक एसिड लेवल ज्यादा बिगड़ सकता है।
- लाइफस्टाइल को ठीक करना यूरिक एसिड का सबसे अच्छा इलाज है। हाई यूरिक एसिड होने पर सबसे पहले आप अपनी लाइफस्टाइल को सुधारें। खराब लाइफस्टाइल के कारण हाई यूरिक एसिड के अलावा डायबिटीड और हाई ब्लड प्रेशर जैसी शरीर में धीरे-धीरे कई बड़ी समस्याएं होने लगती हैं।
- हाई यूरिक एसिड वाले मरीजों को अपने सोने और जगने का समय निर्धारित करना चाहिए और रोजाना एक समय पर ही सोना चाहिए। देर रात तक जगना हाई यूरिक एसिड की समस्या को और बिगाड़ सकता है।
- हाई यूरिक एसिड से पीड़ित लोगों को अपने खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आपको पराठे और पूड़ियां पसंद हैं तो इनसे बिल्कुल दूरी बना लें। ये सभी चीजें आपके शरीर में यूरिक एसिड के लेवल को बिगाड़ती हैं।
- हाई यूरिक एसिड में लोगों को मैदा और महीन आटा नहीं खाना चाहिए। अगर आप यूरिक एसिड का लेवल ठीक करना चाहते हैं तो फाइबर से भरपूर आटे से बनी रोटियां खाएं। कोशिश करें कि आप आटा खुद से चक्की पर हल्का मोटा पिसवाएं और बिना चोकर निकाले ही इस्तेमाल करें।
- हेल्दी रहने के लिए मनुष्य को दिनभर में 6 बार मील लेना चाहिए। जिसमें 2 बार फ्रूट्स खाएं, 2 बार अनाज और 2 बार सलाद लेकिन आज के समय में लोग दिन में 3 बार खाना खाते हैं।



### यूरिक एसिड बढ़ने से हो सकती हैं ये परेशानियां



यूरिक एसिड बढ़ने पर हाथ और पैरों के अंगूठे के जॉइंट्स में गाउट की समस्या हो जाती है। गाउट एक तरह का आर्थराइटिस होता है, जिससे शरीर के छोटे जॉइंट्स में दर्द होता है। लंबे समय तक अगर यूरिक एसिड का लेवल हाई रहे, तो किडनी फेलियर, किडनी स्टोन और ब्लड प्रेशर बढ़ने की समस्या हो सकती है। यूरिक एसिड बढ़ने से हार्ट पर भी प्रेशर बढ़ जाता है और हार्ट डिजीज हो सकती हैं। यूरिक एसिड का डायबिटीज से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है। ब्लड टेस्ट कराने पर यूरिक एसिड का पता चलता है।

# बासी मुंह करेंगे पांच पत्तों का सेवन, तो हमेशा रहेंगे तंदुरुस्त

अक्सर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय या कॉफी के साथ करते हैं, जबकि सेहत के लिहाज से ऐसा करना नुकसानदायक है। वहीं हम सब यह भी जानते हैं कि दिन की शुरुआत गर्म पानी या नट्स के साथ करना चाहिए। लेकिन इसके अलावा भी कुछ पौधों की पत्तियां हैं जिनका सेवन अगर सुबह खाली पेट किया जाए तो काफी फायदेमंद हो सकता है।



### नीम लीव्स

नीम स्वाद में कड़वा जरूर होता है लेकिन उससे कहीं ज्यादा असरदार होता है। जी हां, नीम में बायो एक्टिव कंपाउंड होते हैं जो एंटी इन्फ्लेमेटरी, एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण प्रदर्शित करते हैं। ये आपके ब्लड को शुद्ध करता है जिससे स्किन से जुड़ी समस्याएं कोसों दूर हो सकती है।

### करी लीव्स

एक्सपर्ट के मुताबिक इसका सेवन कम मात्रा में करके हजार फायदे पाए जा सकते हैं। इसके सेवन से बीपी और कोलेस्ट्रॉल को मैनेज किया जा सकता है। दरअसल इसमें एंटीऑक्सीडेंट काफी रिच मात्रा में होता है जो बीपी मैनेज करने के साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद कर सकता है।

### अजवाइन की पत्तियां

अजवाइन की पत्तियों का सेवन करने से डाइजेशन से जुड़ी समस्या को आप अलविदा कह सकते हैं। इससे ब्लोटिंग की समस्या जादू की तरह गायब हो जाती है। दरअसल इसमें कुछ एक्टिव एंजाइम होते हैं जो डाइजेस्टिव सिस्टम के फंक्शनिंग को बढ़ाते हैं।

### तुलसी की पत्तियां

तुलसी अपने एडेप्टोजेनिक गुणों के लिए जानी जाती है, जो शरीर को तनाव के अनुकूल बनाने और प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करती है। रोजाना खाली पेट इसका सेवन करते हैं तो आपकी इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है और बीमारियों की चपेट में आने का खतरा काफी कम हो जाता।

### सदाबहार लीव्स

सदाबहार में अल्कलॉइड्स होते हैं। इनमें कैंसर विरोधी गुण पाए जाते हैं नियमित रूप से इसका सेवन करने पर आप सुरक्षित रहते हैं।

# रात में ठीक से नहीं सो पाता है बच्चा? तो अपनाएं यह टिप्स

बच्चों के स्वास्थ्य का अगर खास ख्याल न रखा जाए तो वह बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता हैं। बच्चे हों या जवान और बुजुर्ग सभी के स्वस्थ शरीर के लिए अच्छी नींद बेहद जरूरी होती है, ऐसे में अगर आपका बच्चा अच्छे से सोता नहीं है या बिना नींद पूरी किए उठ जाता है तो इसका खराब असर बच्चे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। कई माता-पिता इस बात से परेशान रहते हैं कि उनके बच्चा ढंग से रातभर सोता नहीं है और चिड़चिड़ेपन में रोना भी शुरू कर देता है।

**बच्चे की नींद की क्वालिटी इंप्रूव करने के लिए टिप्स :** आप अपने बच्चे के सोने और जागने का समय निर्धारित करें और इस बात का खास ध्यान रखें कि आपका बच्चा तय समय पर रोजाना सोए और जगे, अगर आपके बच्चे के सोने और जागने का समय फिक्स हो जाएगा तो इससे उसकी बॉडी क्लाक भी उसी हिसाब से काम करेगी। ऐसा करने से बच्चे को रोजाना अच्छी नींद आएगी। बच्चे हों या बड़े सभी को सोने के लिए एक कंफर्टेबल बिस्तर की जरूरत होती है, ऐसे में आप अपने बच्चे के लिए सही बिस्तर का चुनाव करें जिस पर उसे बेहतर नींद आई। कई बार माता-पिता बच्चे के लिए बेहद मुलायम और गद्दे में स्प्रिंग वाले बिस्तर बनवा देते हैं, जो बच्चों के स्वास्थ के लिए फायदेमंद साबित नहीं होते हैं। बच्चे की नींद की क्वालिटी सुधारने के लिए ध्यान रखें कि जब बच्चा सोने के लिए जाए तो आप घर में किसी भी तरह का शोर न करें। घर में अगर शोर होता रहेगा तो बच्चे का मन बाकी कामों में लगा रहेगा और फिर उसे अच्छी नींद नहीं आएगी।

## आज का राशिफल

### मेष

मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

### वृष

तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

### मिथुन

यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

### कर्क

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### सिंह

डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है।

### कन्या

स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

### तुला

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### वृश्चिक

विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

### धनु

कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मकर

किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### मीन

चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

# जयपुर पासपोर्ट ऑफिस को फिर बम से उड़ाने की मिली धमकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर स्थित झालाना के रीजनल पासपोर्ट ऑफिस (आरपीओ) को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। गुरुवार को पासपोर्ट ऑफिस की आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए धमकी भरे मेल में बम विस्फोट की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और तुरंत कार्रवाई शुरू की गई। एसीपी गांधीनगर नारायण बाजिया ने बताया कि धमकी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एहतियातन कार्यालय परिसर को खाली करवाया गया। इसके बाद एटीएस के बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की मदद से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। वहीं धमकी के बाद पासपोर्ट कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस तरह की धमकियों को हल्के में नहीं लिया जा सकता, इसलिए हर एंगल से जांच की जा रही है। ई-मेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर एक्सपर्ट्स की मदद ली जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मेल किस लोकेशन और डिवाइस से भेजा गया। गौरतलब है कि पिछले 23 दिनों में यह तीसरा मौका है। जब जयपुर पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जयपुर के अलावा अलवर और अजमेर के पासपोर्ट सेवा केंद्रों को भी इसी तरह के धमकी भरे ई-मेल मिल चुके हैं। तलाशी अभियान के दौरान एक दिलचस्प स्थिति भी सामने आई। जब पासपोर्ट ऑफिस के कुछ कर्मचारी टिफिन खोलकर भोजन करने लगे। जिन्हें सुरक्षा में लगे जवानों ने तत्काल रोका और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जयपुर में पिछले कुछ समय से सरकारी और निजी संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला जारी है। इससे पहले हाईकोर्ट, अन्य न्यायालय परिसरों और सवाई मानसिंह स्टेडियम को भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। बावजूद इसके अब तक इन मामलों में कोई ठोस सुराग सामने नहीं आया है। पुलिस अब इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए साइबर टीम के साथ-साथ राष्ट्रीय जांच एजेंसियों की मदद भी ले रही है ताकि इन धमकियों के पीछे के नेटवर्क और मंशा का खुलासा किया जा सके।

# पीएचसी बिराणियां राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में सर्टीफाइड 88.41% स्कोर प्राप्त किया पीएचसी ने

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के निदेशालय की ओर से घोषित किये गए एनक्यूएएस के परिणाम में सीकर जिले की आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिराणियां राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत 88.41 प्रतिशत स्कोर प्राप्त सर्टीफाइड हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया तथा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हषर्ल चौधरी के निर्देशन में सीकर जिले में गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम दिन प्रतिदिन नए आयाम छू रहा है। सीकर जिले में जिला क्वालिटी सेल सभी संस्थाओं पर लगातार भ्रमण कर गुणवत्ता आश्वासन की तैयारियां करवा रही है, जिला क्वालिटी सेल मुख्य सदस्य नरेश लमोरिया व अन्य ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिराणियां की लगातार विजिट कर स्टाफ को गुणवत्ता आश्वासन मानको को भली भांति समझाया तथा उनके अनुरूप कार्य करने का प्रशिक्षण प्रदान कियाए जिससे पीएचसी राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण प्राप्त करने के लक्ष्य को पाने में सफल रही है। फतेहपुर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप सिंह, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक सुभाष शर्मा तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी के लगातार निर्देशन में पीएचसी बिराणिया की टीम गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम की चौक लिस्ट अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करती गई, जिसका परिणाम है कि संस्थान प्रमाणीकरण प्राप्त करने वाली पीएचसी बनी है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणीकरण प्राप्त करने पर पीएचसी बिराणिया को तीन लाख रुपए प्रतिवर्ष तीन वर्ष तक इंसेंटिव प्राप्त होगा जिससे पीएचसी पर सुविधाओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**मलसीसर ( नवयत्न )।** कस्बे में गुरुवार को नेहरू चिल्ड्रन अकेडमी स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सुमन चौधरी थी । विशिष्ट अतिथि तहसीलदार इमरान खान, पूर्व सरपंच संतोष हाकिम, कंकड़ेउ कला सरपंच प्रताप सिंह थे । सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में 12वीं बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली खुशबू को विद्यालय की ओर से स्कूटी व मूमेंटो देकर सम्मान किया गया । साथ ही बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओ को मूमेंटो देकर सम्मानित किया। उपखंड अधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता पाने की कोई शॉर्ट कट चाबी नहीं होती। कठिन परिश्रम करने ने बाद ही मंजिल पा सकते है । कार्यक्रम के अंत संस्था निदेशक रामावतार बोला ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिक, अभिभावक जन, विद्यालय के स्टाफव छात्र छात्राएं मौजूद रहे.

# तीन दिवसीय हनुमान कथा का शुभारंभ

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में सी-स्कीम स्थित धुलेश्वर गार्डन के हनुमान मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान कथा का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा वाचन के दौरान साध्वी लोकेशा भारती ने भगवान श्री हनुमान के जीवन प्रसंगों को भावपूर्ण और सरल शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक ही नहींए बल्कि सच्ची भक्ति, समर्पण और सेवा भाव के आदर्श भी हैं। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आयोजित भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचनों ने माहौल को और अधिक श्रद्धामय बना दिया। श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। आयोजक राजेंद्र धाधीच ने बताया कि यह कथा 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से आगामी दिनों में भी उपस्थित होकर कथा का लाभ लेने की अपील की।

# महात्मा गांधी विद्यालय में नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ समारोह

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नवीन तारानगर में नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भामाशाह एवं समाजसेवी उद्योगपति ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल उपस्थित रहे। साथ ही तपोवन भूमि से पधारे महाराज श्री का सान्निध्य कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान करने वाला रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबलेश शर्मा सीबीईओ तारानगर ने की।

संस्था प्रधान डॉ. अशोक कुमार जांगिड़ ने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोयल परिवार द्वारा सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा विद्यालय विकास हेतु सहयोग का अनुरोध किया गया, जिस पर गोयल परिवार ने तत्परता दिखाते हुए सोलर पैनल स्थापना की मांग को तुरंत स्वीकार किया तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सुमन बाला द्वारा प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। इस अवसर पर यू. सी. ई. ई.ओ. नर्मल कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, पवन कुमार बंसल, जीवन सिंह, विनोद डेमिवाल, राजेंद्र बरवाड़िया, श्यामसुखा, संजय पंवार, राकेश टाक, श्यामसुंदर सोमानी एवं मनोज जांगिड़, भरत कुमार श्रवण चारण सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, अभिभावकगण तथा एसडीएमसी एवं एसएमसी के सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध एलपीजी रिफिलिंग का भंडाफोड़

## सिलेंडर व उपकरण सहित दो आरोपित गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने शहर में अवैध एलपीजी गैस रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से गैस सिलेंडर और रिफिलिंग उपकरण भी बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस आयुक्त ऑपरेशंस ओमप्रकाश के निर्देशन के सुपरविजन में सीएसटी टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में रसद विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफकार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त अपराध के अनुसार श्रीराम कच्ची बस्ती रोड नंबर 17 पर अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से दो आरोपियों-सुशील शर्मा और भोजराज प्रजापत-को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 बड़े गैस सिलेंडर, 13 छोटे नॉन-आईएसआई सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा अवैध रिफिलिंग में उपयोग होने वाला अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# पुलिस से भिड़े चेन स्नेचर, एक गिरफ्तार, एक फरार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाली नगर थाना इलाके में कुछ ही घंटों के भीतर चार चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों तक पुलिस गुरुवार सुबह पहुंच गई। पुलिस ने एक होटल में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पुष्पेंद्र गुर्जर वैर,भरतपुर का निवासी है जबकि उसका साथी संजय गुर्जर भी वैर का ही रहने वाला है। दोनों बदमाशों ने अपाचे बाइक पर सवार होकर शहर में अलग-अलग स्थानों पर चार चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम दिया। वारदात के बाद सफेद रंग की अपाचे बाइक से फरार होते समय वैशाली नगर इलाके में नाकाबंदी के दौरान उनकी ट्रैफिक पुलिस से झड़प हो गई। इसी दौरान दोनों बदमाश बाइक छोड़कर पैदल ही फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और सीसीटीवी फुटेज तथा बाइक के चेसिस नंबर के आधार पर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम आरोपियों के ठिकाने तक पहुंची और एक होटल में दबिश दी, जहां से पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि उसका साथी संजय मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है और मामले की जांच जारी है।

# प्लॉट में मिला युवक का अधजला शव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक खाली प्लॉट में युवक का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर फेंका गया था और पहचान छिपाने के लिए उस पर ज्वलनशील केमिकल डालकर जलाने का प्रयास किया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 6 बजे राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निवारू पुलिया के पास एक खाली प्लॉट में अधजला शव बरामद किया। थानाधिकारी सवाई सिंह के अनुसार घटनास्थल शिव नगर बालाजी धाम मंदिर के पास कालवाड पुलिया से निवारू पुलिया के बीच सर्विस लाइन के निकट स्थित है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक की हत्या कहीं अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर यहां लाकर फेंका गया। पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई गई, हालांकि शव पूरी तरह नहीं जल पाया। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और घटनास्थल से जुड़े सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 20-25 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसका कद करीब 5 फीट 4 इंच, वजन 55 से 60 किलो, रंग गेहुंआ तथा हल्की दाढ़ी-मूंछ है। उसने बनियान और नीले रंग की जींस पहन रखी थी। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस उसकी पहचान के प्रयासों के साथ-साथ हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुटी है। शुरुआती तौर पर इसे सुनियोजित हत्या मानते हुए जांच की जा रही है।

# सस्पेंड पुलिस कांस्टेबल का अपहरण कर लूट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना क्षेत्र के जगतपुरा में सस्पेंड पुलिस कांस्टेबल का अपहरण कर लूट की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर उसे जबरन कार में बैठाया और मारपीट कर नकदी सहित ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल करीब 1.25 लाख रुपए लूट लिए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित तरुण राज राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल है, जो वर्ष 2021 में जालोर में शराब तस्करों से मिलीभगत के मामले में निलंबित चल रहा है। सोमवार रात करीब 10 बजे वह अपनी पत्नी के साथ कार से मालवीय नगर जा रहा था। इस दौरान जगतपुरा 7 नंबर चौराहे पर सामान लेने के लिए वह कार से नीचे उतरा। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार वहां आकर रुकी, जिसमें सवार 3-4 बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर उसे जबरन कार में बैठा लिया। शोर मचने पर उसकी पत्नी ने विरोध करते हुए कार के आगे खड़े होकर उसे बचाने की कोशिश की। लेकिन बदमाश उसे जबरन उठाकर ले गए। बदमाशों ने चलती कार में उसके साथ मारपीट की और जेब में रखे करीब 40 हजार रुपए छीन लिए। इसके अलावा उससे ऑनलाइन करीब 85 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन भी करवा लिया। करीब आधे घंटे तक कार में घुमाने के बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित की पत्नी ने थाने में मामला दर्ज कराया है। जांच अधिकारी गजानंद मीणा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी लेनदेन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

# दक्षिणमुखी हनुमान शिव मंदिर में किया सुंदरकांड पाठ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामेष्ट दरबार की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को मुरलीपुरा के नानूनगर की ऋषि कॉलोनी स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान शिव मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। राम दरबार के समक्ष ब्रजलाल जांगिड़, मूलचंद जांगिड़, हरीश जांगिड़ एवं अन्य ने भजनों की स्वर लहरियों के साथ श्री सुंदरकांड की चौपाइयों का गायन किया। राजूलाल सैनी ने सभी का स्वागत किया। शाम को बैनाड़ रोड स्थित श्यामनगर विस्तार में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया।

# देव स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी का शुभारंभ


निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत के टीपीएस स्कूल परिसर में गुरुवार को श्री देव स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्रसिंह कसाना रहे, जबकि अध्यक्षता संरक्षक राजपाल तंवर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रमसिंह खुटानिया, निदेशक दीपक कुमार, डॉ. प्रमोद गुर्जर और रामनिवास रवां मौजूद रहे। अतिथियों ने फीता काटकर एकेडमी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि महेंद्रसिंह कसाना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देने की है। इस प्रकार की एकेडमी युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर क्षेत्र का नाम रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजपाल तंवर ने कहा कि आज के दौर में खेलों के माध्यम से युवाओं को करियर के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। शूटिंग जैसे खेलों में अनुशासन, एकाग्रता और धैर्य की आवश्यकता होती है, जो युवाओं के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि यह एकेडमी क्षेत्र के युवाओं को नई दिशा देगी। एकेडमी के निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि यहां बच्चों को 10 मीटर एयर पिस्टल और एयर राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शूटिंग खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आर्मी, नेवी, एयर फोर्स एवं अर्धसैनिक बलों में विशेष कोटा का लाभ भी मिलता है। शूटिंग एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रमुख खेल है, जिसमें निशानेबाजी की सटीकता और मानसिक एकाग्रता का विशेष महत्व होता है। ओलंपिक सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इस खेल की अहम भूमिका है। भारत के कई खिलाड़ी इस खेल में देश का नाम रोशन कर चुके हैं, जिससे युवाओं में इसके प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। इस मौके पर कैप्टन शेरसिंह, धीरसिंह, धर्मपाल, जयप्रकाश यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पचेरी-झुंझुनू-फतेहपुर एनएच-11 सड़क मार्ग अतिशीघ्र फोर लेन बनेगा : ओला

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू से सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने गुरुवार लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पचेरी से फतेहपुर वाया झुंझुनू राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के निर्माण का मामला लोकसभा में उठाते हुए कहा कि यह सड़क मार्ग न केवल मेरे लोकसभा क्षेत्र के लिए, बल्कि सामरिक व आर्थिक दृष्टि से भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। सांसद ने कहा कि इस मार्ग को फोर लेन बनाने की घोषणा मार्च, 2013 में तत्कालीन यूपी, सरकार के समय की गई थी, किंतु इसके बाद यह योजना लंबे समय तक ठंडे बस्ते में चली गई। वर्ष 2024 में सांसद बृजेंद्र सिंह ओला लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के पश्चात उन्होंने इस विषय को लगातार लोकसभा में तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी के समक्ष प्रभावी रूप से उठाया। इसके परिणामस्वरूप, इस परियोजना के अंतर्गत एनएच-11 पचेरी से झुंझुनू खंड की डीपीआर तैयार का कार्य शुरू हुआ। डीपीआर बनने के बाद मंत्रालय द्वारा इसके लिए बजट भी स्वीकृत किया जा चुका हैए किंतु अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया था। इसी कारण एवं इसी क्रम में सांसद ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पुनः इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए पचेरी से झुंझुनू खंड के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने तथा झुंझुनूं से फतेहपुर खंड को फोर लेन में विकसित करने हेतु शीघ्र डीपीआर तैयार कर बनवाने की मांग की। इस पर माननीय केंद्रीय मंत्री ने अपने जवाब में कहा है कि पचेरी से झुंझुनू खंड का निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक प्रारंभ कर दिया जाएगा।

साथ हीए झुंझुनू से फतेहपुर खंड को फोर लेन में विकसित करने हेतु डीपीआर बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। और उस डीपीआर का काम भी दिसंबर 2026 तह पूर्ण होकर आगे के कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। सांसद ने कहा कि वर्तमान में यह मार्ग दो-लेन का होने के कारण बढ़ते यातायात दबाव को वहन करने में सक्षम नहीं है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है। सांसद ने कहा कि इस मार्ग के फोर लेन बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, सामरिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

# एसआई भर्ती परीक्षा : पेपर लीक या नकल की सूचना देने पर मिलेगा एक लाख का इनाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक एसआई भर्ती परीक्षा 2025 को लेकर स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। आगामी 05 और 06 अप्रैल 2026 को राज्य भर में आयोजित होने वाली इस परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल द्वारा जारी आदेश के अनुसार यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले तत्वों की सटीक जानकारी देता है, तो उसे एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। एसओजी ने इन आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9530429258 भी जारी किया है, जिस पर मैसेज के जरिए सूचना साझा की जा सकती है। पुलिस को अंदेशा है कि कुछ आपराधिक तत्व परीक्षा को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं।

# एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित प्रजापति विहार के श्री चिन्ताहरण काले हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर के महंत महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज के सानिध्य में भगवान हनुमान का पंचामृत एवं चमेली के तेल से विधिवत अभिषेक किया गया। इसके पश्चात नवीन पोशाक धारण कराकर लड्डू, मिष्ठान और फलों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में 27 मार्च से चल रहे एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ की गुरुवार को पूर्णाहुति हुई। देश-विदेश से पधारे संत-महंतों ने श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना के साथ यज्ञ में आहुतियां दी।

यज्ञ का संचालन आचार्य पंडित अश्विनी चतुर्वेदी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। महाआरती के पश्चात आयोजित भंडारा प्रसादी में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के मुख्य यजमान चंद्र प्रकाश भाड़ेवाला ने पधारे संत-महंतों का स्वागत एवं सम्मान किया। मंदिर प्रवक्ता प्रियाशरण महाराज ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिनभर हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड के पाठ किए गए। मंदिर परिसर को गुब्बारों, ध्वज-पताकाओं और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## चावल से बनाएं ये खास बॉडी स्क्रब, रेगुलर इस्तेमाल से स्किन पर आएगा ग्लो

त्वचा की मृत कोशिकाओं से छुटकारा पाने के लिए और निखरी त्वचा के लिए स्क्रब करना बेहद जरूरी है। इससे त्वचा ग्लोइंग और मुलायम बनती है। स्क्रब ना करने की वजह से त्वचा से जुड़ी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अक्सर त्वचा पर गर्मियों के मौसम में पसीने और धूल-मिट्टी के जमने की वजह से रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। इससे निजात पाने के लिए आप बॉडी स्क्रब कर सकते हैं। इसके लिए सप्ताह में एक से दो बार बॉडी स्क्रब करना सही होगा। अगर स्क्रब नेचुरल चीजों से बना हो तो यह अधिक फायदेमंद होता है और किसी तरह का नुकसान भी नहीं करता है।





### चावल और मसूर दाल से बनाएं स्क्रब

- सबसे पहले चावल और मसूर की दाल को मिलाकर मोटा व दरदरा पीस लें।
- अब एक बाउल में पिसे हुए चावल और मसूर की दाल के पाउडर में संतरे के छिलकों का पाउडर मिक्स करें।
- अब चंदन पाउडर, खीरे का रस और मुल्तानी मिट्टी के पाउडर को गुलाब जल डालते हुए मिक्स करें।
- अब इस मिश्रण को शरीर पर लगाकर हल्के हाथों से मलें।
- सूखने के बाद इसे धो लें और बॉडी को अच्छे से पोछकर मॉइश्चराइजर लगा लें।

### चावल और नींबू के रस का बॉडी स्क्रब

- इस बॉडी स्क्रब को बनाने के लिए सबसे पहले चावल को पीस लें।
- अब चावल के पाउडर में 4 से 5 चम्मच गुलाब जल के साथ कुछ बूंद नींबू के रस की मिलाएं।
- अब इस मिश्रण से अपनी बॉडी को स्क्रब करें। इस दौरान अधिक जोर से ना रगड़ें।
- फिर इसे धो लें, स्किन ड्राई ना हो इसके लिए मॉइश्चराइजर का प्रयोग करें।

### चावल और आलू से बनाएं स्क्रब

- सबसे पहले चावल को पीसकर पाउडर बना लें।
- अब एक आलू को कद्दूकस कर लें।
- चावल के आटे में कद्दूकस किए हुऐ आलू के साथ जैतून का तेल मिला लें।
- इतना करने के बाद इससे स्क्रब करें और फिर ठंडे पानी से नहा लें।

### चावल और ऐलोवेरा जेल से बनाएं बॉडी स्क्रब

- इसके लिए सबसे पहले चावल को दरदरा पीस लें।
- चावल के पाउडर में 4 चम्मच दही और थोड़ा ऐलोवेरा जेल मिलाएं।
- अब इसे शरीर पर हल्के हाथों से मलें।
- 4 से 5 मिनट इसे लगाकर छोड़ दें।
- अब ठंडे सादे पानी से नहाएं।
- बॉडी पोछने के बाद मॉइश्चराइजर या नारियल का तेल लगाएं।

### चावल और हल्दी का स्क्रब

- 2 चम्मच चावल के आटे में 2 चुटकी हल्दी मिलाएं।
- अब इस मिश्रण में ऑलिव ऑयल मिलाएं।
- इससे अपनी बॉडी को स्क्रब करें।
- इसके बाद नॉर्मल पानी से नहा लें।

## गर्मियों में पैरों की टैनिंग और रूखेपन से परेशान है आप तो इस तरह से रखें अपने पैरों का ख्याल

गर्मियों में सिर्फ आपका चेहरा ही नहीं बल्कि आपकी पूरी त्वचा डिहाईड्रेट महसूस करती है क्योंकि बाहर का मौसम आपकी त्वचा से नमी सोख लेता है। इसके अलावा सूर्य की तेज किरणों के कारण त्वचा पर टैन आ सकता है। यूवी किरणों के कारण आपकी स्किन के अंदर की परत को भी काफी नुकसान हो सकता है। हानिकारक सूरज की किरणों के संपर्क में आने से आपकी स्किन मेलानिन का उत्पादन करती है। मेलानिन के कारण आपकी स्किन का रंग भूरा दिखाई देता है। पैरों में टैनिंग के कारण आपकी स्किन न केवल बेजान और रूखी नजर आती है बल्कि इसकी उम्र भी अधिक नजर आती है। पैरों में झुर्रियां और कालापन दिखाई देता है। हालांकि टैनिंग को दूर करने के लिए ब्लीचिंग को बेहतर विकल्प के रूप में माना जाता है लेकिन इससे आपकी स्किन को नुकसान हो सकता है इसलिए आप घर पर ही कुछ खास घरेलू उपचार की मदद से स्क्रब कर सकते हैं और पैरों की टैनिंग कर सकते हैं।



**दही, नींबू का रस और बेसन से स्क्रब :** दही स्किन के लिए एक सबसे अच्छा मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है और वहीं बेसन और नींबू का रस आपकी त्वचा में निखार लाने का काम करता है। इससे पैरों की टैनिंग दूर होती है। साथ ही इससे स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होता है। आप आसानी से घर पर इन तीनों चीजों का पेस्ट बनाएं और इसे अपने पैरों और आसपास वाले हिस्से में लगाएं। इसे 30-35 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इसे आप हफ्ते में दो बार दोहरा सकते हैं।

**नींबू और चीनी :** घर पर स्क्रब करने के लिए आप नींबू और चीनी का पैक भी बना सकते हैं। यह पैरों के जिद्दी टैन को कम कर सकता है। साथ ही स्किन के पोरस को साफ करने में मददगार साबित हो सकता है। नींबू मेलानिन को कम करने में सहायता करता है। नींबू और चीनी स्क्रब त्वचा में एक दानेदार स्क्रब की तरह काम करता है। इसके लिए आप एक बाउल में नींबू और चीनी का पैक बना लें और उसे पैरों और उगंलियों के आसपास वाले हिस्से में लगाकर रहने दें। फिर 10-15 मिनट इसे धो लें। इसे धोने के बाद आपको अपने पैर कोमल महसूस हो सकते हैं।

**आलू और नींबू :** आलू त्वचा के लिए सबसे अच्छा ब्लीचिंग एजेंट का काम करता है जबकि नींबू शरीर के दाग-धब्बों और टैनिंग को दूर करता है। यदि आप अपनी त्वचा का प्राकृतिक रंग वापस पाना चाहते हैं, तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

आप आसानी से प्राकृतिक त्वचा के रंग को बहाल करना चाहते हैं तो संयोजन एकदम सही है। आलू और नींबू के रस का पेस्ट बना लें। इसे अपने पैरों, हाथों और पैरों पर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक बैठने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। सर्वोत्तम परिणामों के लिए प्रक्रिया को सप्ताह में कम से कम दो बार दोहराएं।

**संतरा, चंदन और दूध की मलाई :** संतरे में मौजूद विटामिन सी त्वचा को साफ करने के लिए काफी जरूरी होता है जबकि चंदन सनबर्न को शांत करता है और रंग में निखार आता है। मास्क में मौजूद मिल्क क्रीम आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। तो आप इन तीनों इंग्रेडिएंट्स का पेस्ट बना लें और इसे प्रभावित जगह पर लगाएं। इसे 30-35 मिनट तक रखें और फिर ठंडे पानी से धो लें। इसे आप हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।

**ओट्स और दही :** ओट्स आपकी पैरों की स्किन को एक्सफोलिएट करने और मृत त्वचा कोशिकाओं से छुटकारा पाने में बहुत अच्छे हैं। दूसरी ओर, दही त्वचा को मॉइस्चराइज़ करने और स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा होता है। ओटमील, नींबू का रस और दही का पेस्ट बनाएं और इसे अपने पैरों और हाथों पर लगाएं। इसे 10-15 मिनट तक हल्के हाथों से स्क्रब करें। इसे ठंडे पानी से धो लें और हल्के हाथों से सूखाएं।

## फ्रिजी और घुंघराले बालों पर लगाएं ये हेयर ऑयल, कम उलझेंगे आपके बाल

बालों में तेल लगाने से आपके बाल हाइड्रेट और चमकदार बनते हैं। शायद ऐसी बातें आपने कई बार अपनी मां, दादी-नानी से जरूर सुना होगा। हमारे बीच कई ऐसे लोग होंगे, जिन्हें बचपन में रोजाना तेल की चंप्पी मिली होगी। तेल की चंपी करने से बाल हेल्दी होते हैं। इससे बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। साथ ही इससे बालों को लंबे और घने होते हैं। इस तरह की बातें आपने अक्सर सुनी होगी। बचपन की ये सभी बातें हमें उस समय बेकार और फिजूल लगती हैं, लेकिन शायद आज आप में से कई लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि बालों को अगर पोषण देना है, तो तेल से बेहतर ऑप्शन कोई और दूसरा नहीं हो सकता है। तेल की मदद से आपके बाल हाइड्रेट रहते हैं।



**नारियल का तेल :** नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। नारियल तेल लगभग हर टाइप के बाल वाले लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें जरूरी विटामिंस और फैटी एसिड पाया जाता है, जो आपके डैमेज बालों को रिपेयर करने में असरदार होता है। नारियल तेल बालों को पोषण प्रदान करता है। अगर आपके बाल घुंघराले हैं, तो आप नियमित रूप से अपने बालों पर नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**बादाम तेल :** घुंघराले बाल वाले लोगों के लिए बादाम तेल काफी लाभकारी हो सकता है। इसमें फैटी एसिड, प्रोटीन, एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन ई जैसे कई पोषक तत्व भरपूर रूप से मौजूद होते हैं। यह सभी पोषक तत्व घुंघराले बाल वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद है। इससे आपके बालों की कोमलता और नमी बरकरार रहती है।

**ब्लैक जमैका कैस्टर ऑयल :** ब्लैक जमैका कैस्टर ऑयल बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा माना जाता है। साथ ही यह आपके बालों की नमी को बकरार रखता है। अगर आपके बाल घुंघराले हैं, तो नियमित रूप से आप इस तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ऑलिव ऑयल :** अगर आपके बाल घुंघराले हैं, तो ऑलिव ऑयल आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। ऑलिव ऑयल में विटामिन ए और ई और फैटी एसिड जैसे पामिटिक एसिड, ओलिक एसिड, स्क्वालीन इत्यादि समृद्ध रूप से होता है, जो आपके बालों को स्वस्थ और सुरक्षित रख सकता है। इससे आपके स्कैल्प पर किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। बालों में ऑलिव ऑयल लगाने से केराटिन सुरक्षित रहता है। साथ ही यह स्कैल्प को सुरक्षित रखने में असरदार हो सकता है।

## बिना जिम जाए खुद से घर पर कर सकते हैं एक्स्ट्रा फैट बर्न इन एक्सरसाइजेस से

आप अगर बगैर जिम जाए अपनी बॉडी से एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न करना चाहते हैं तो कुछ बॉडीवेट एक्सरसाइजेस की मदद से आप अपने इस टारगेट को अचीव कर सकते हैं। इन वर्कआउट्स को करने के लिए आपको किसी भी तरह के इक्विपमेंट की जरूरत नहीं पडेगी और आप इन्हें आसानी से अपने घर पर ही कर सकते हैं।



### स्क्वाट विद साइड लेग लिफ्ट

- इसके लिए दोनों पैरों के बीच कंधे जितनी दूर बना लें। अब घुटनों को मोड़ते हुए, छाती को ऊपर रखते हुए हिप्स को नीचे की ओर लाएं। वजन एड़ी पर रखते हुए स्क्वाट पोजीशन में आ जाएं।
- वापस उठते हुए बाएं पैर को बाईं ओर उठाएं और फिर स्क्वाट पोजीशन में आ जाएं। फिर स्क्वाट फिर दायां पैर उठाएं। इसे 20 बार 3 के सेट में कर सकते हैं।

### डंकी किक्स

- यह आपके ग्लूट्स, हैमस्ट्रिंग्स और हिप फ्लेक्सर्स को टारगेट करती है।
- इसके बाद अपने दाएं पैर को जमीन से ऊपर उठाएं, पंजे ऊपर आसामन की ओर हों फिर ऊपर की ओर किक करें। इसे 10 बार करने के बाद दूसरे पैर से यही प्रोसेस दोहराएं। यह इसका एक सेट होगा, इसके तीन सेट करने की कोशिश करें।

### सिट-अप्स

- मैट पर घुटनों को मोड़ते हुए पीठ के बल लेट जाएं, पैरों को जमीन पर रखें।
- अपने हाथों से अपोजिट कंधों को पकड़ लें या उन्हें अपने सिर के पीछे रखें। अब बिना अपनी गर्दन पर दबाव डालें अपर बॉडी को ऊपर उठाने के लिए। बॉडी को अपने घुटनों के पास तक लाएं।
- बॉडी को उठाते वक्त सांस छोड़ें फिर लगभग 20 बार पहली वाली पोजीशन में वापस लौट आएं और नॉर्मल सांस लें।

## गर्मियों में यह ड्रिंक्स रखेंगी आपको फिट और कूल-कूल

गर्मी का मौसम आते ही, हम सभी शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए ठंडे विकल्प की तलाश करते रहते हैं। खासतौर पर गर्म मौसम में हमें ठंडी ड्रिंक्स काफी पसंद आती हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि लगातार आते पसीने की वजह से हमारे शरीर को लगातार पानी की जरूरत होती है। सादा पानी पीना अच्छा है लेकिन इसमें वैराइटी लाएंगे, तो मज़ा भी आएगा। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोल्ड ड्रिंक या सोडा का सेवन शुरू कर दें। इसकी जगह प्राकृतिक चीजों का शरबत बनाएं और इसे रोजाना पिएं। इससे न सिर्फ आपको कई पोषक तत्व मिलते हैं, बल्कि शरीर को ठंडक भी पहंचती है।

**बेल का शरबत :** गर्मी के मौसम में बेल का उपयोग काफी किया जाता है। इसका शरबत शरीर को ठंडक तो पहुंचाता ही है, साथ ही यह कई तरह के पोषक तत्वों का भंडार भी होता है। बेल के शरबत में बीटा-कैरोटीन, राइबोफ्लाविन, बी1 और बी2 के साथ कैल्शियम, पोटैशियम और फाइबर भी भरपूर मात्रा में होता है।

**पुदीना का शरबत :** मौसम और मौका चाहे कोई भी हो, भारत में पुदीना हर वक्त पसंद किया जाता है। चाहे गोलगप्पे हों या चाट या स्नैक, पुदीना लगभग हर चीज़ में डाला जाता है। पुदीना फॉस्फोरस, कैल्शियम और विटामिन-सी, डी, ई और ए जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

**नारियल पानी :** गर्मी के मौसम में एक गिलास नारियल पानी से बेहतर और क्या होगा। एक गिलास नारियल के पानी में, 60ग्राम कैलोरी, 15 ग्राम कार्ब्स, 8ग्राम चीनी और 15 प्रतिशत पोटैशियम होता है। नारियल पानी में 94 प्रतिशत पानी होता है।

**गन्ना का जूस :** गन्ने का जूस किसे पसंद नहीं होता। इसमें काला नमक, पुदीना और नींबू का रस मिलाकर बेहतरीन शरबत तैयार किया जा सकता है। गन्ने के जूस के एक गिलास में 180 कैलोरी, 30 ग्राम चीनी होती है। साथ ही यह फाइबर से भरपूर होता है।

**नींबू पानी :** नींबू पानी ज़्यादातर लोगों का गो-टू ड्रिंक होता है। इसे पीते ही तरोताज़ा महसूस होता है।

100 एमएल नींबू पानी में 29 ग्राम कैलोरी, 1.1 ग्राम प्रोटीन, 2.5 ग्राम चीनी, फाइबर और कार्ब्स होते हैं।

**आम पन्ना :** आम पन्ना कच्चे आम के गूदे से बनाया जाता है। इसमें जीरा और पुदीने की पत्तियों को भी डाला जाता है। एक गिलास आम पन्ना में 93 कैलोरी, 5 ग्राम कार्ब्स और 1.5 ग्राम प्रोटीन होता है।

**सत्तू का शरबत :** सत्तू का इस्तेमाल उत्तरी भारत के हिस्से में काफी किया जाता है। 100 ग्राम सत्तू में 413 कैलोरीज़, 64 ग्राम कार्ब्स, 25 ग्राम प्रोटीन और 18 ग्राम फाइबर होता है।

## गर्मियों में पुरुषों को फॉलो करने चाहिए ये स्किन केयर टिप्स, दूर होंगी त्वचा की कई समस्याएं





अधिकतर पुरुषों को लगता है कि सजने-संवरने और मौसम के साथ स्किन केयर प्रोडक्ट्स बदलने का काम सिर्फ महिलाओं का होता है। अगर आप भी यही सोच रखने हैं, तो आप गलत हैं। महिलाओं की तरह पुरुषों को भी मौसम के अनुसार अपने स्किन की देखभाल करनी चाहिए। महिलाओं की तुलना में पुरुषों की स्किन पर रोमछिद्र ज्यादा बड़े होते हैं। ऐसे में स्किन डैमेज होने की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा इस बढ़ती गर्मी में पुरुष महिलाओं की तुलना में अधिक बाहर रहते हैं। ऐसे में पुरुषों की स्किन को अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है।

### दिन में दो बार धोएं चेहरा

कई पुरुषों की स्किन ऑयली होती है। इसलिए उन्हें अपने चेहरे को कम से कम दो बार चेहरा साफ करना चाहिए। इसके लिए उन्हें एक बेहतर क्वालिटी वाले क्लींजर या फिर फेसवॉश का इस्तेमाल करने की जरूरत होती है। ध्यान रखें कि चेहरे पर साबुन न रगड़ें। चेहरे को अच्छे से धोने से रोमछिद्रों में मौजूद गंदगी साफ हो सकती है। इसके अलावा यह स्किन से अतिरिक्त ऑयल को हटाने में प्रभावी हो सकता है।

### टोनर का करें इस्तेमाल

पुरुषों की स्किन महिलाओं की तुलना में काफी ज्यादा टाइट और मोटी होती है। ऐसे में उन्हें एस्ट्रिंजेंट या ग्लाइकोलिक एसिड (जीए) जैसे टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। इस तरह का टोनर स्किन के छिद्रों को साफ रखने में आपकी मदद कर सकता है।

### स्किन की स्क्रबिंग है जरूरी

गर्मियों के दौरान स्किन की नैचुरल स्क्रबिंग बहुत ही जरूरी होती है। इससे आपकी स्किन से डेड सेल्स बाहर निकल जाते हैं। पुरुषों को आमतौर पर हर 3 दिनों में एक बार डीप एक्सफोलिएशन के लिए स्क्रबिंग करना चाहिए। इससे आपकी स्किन पर नैचुरल निखार आ सकता है।

### स्किन को रखें मॉइश्चराइज

गर्मियों में हमेशा लाइटवेट मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन मॉइश्चराइज रहती है। साथ ही स्किन पर झुर्रियां होने की संभावना भी कम होती है। इसके अलावा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने से स्किन से दाग-धब्बे, ड्राईनेस और पिंपल्स की परेशानी भी कम हो सकती है।

### ज्यादा शेव न करें

गर्मियों में बार-बार शेविंग करने से बचें। इससे आपकी स्किन ओवरएक्टिव हो जाती है, जिसकी वजह से स्किन को रिपेयर होने का समय नहीं मिलता है। साथ ही बार-बार शेविंग करने से आपकी पराबैंगनी किरणों के संपर्क में आने से डैमेज हो सकता है।

### आफ्टर शेव का करें इस्तेमाल

गर्मियों में शेव करने के बाद आफ्टर शेव का इस्तेमाल करना न भूलें। यह आपकी स्किन पर नमी बनाए रखने में असरदार हो सकती है। इसके अलावा यह स्किन की रक्षा करने में असरदार होती है। इससे सूर्य की किरणों से स्किन की सुरक्षा होती है। साथ ही यह स्किन को टोंड करता है।

### सनस्क्रीन का जरूर करें इस्तेमाल

कई पुरुष सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करते हैं। उनका मानना होता है कि इससे उनकी स्किन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन आपको बता दें कि सनस्क्रीन लगाने से आपकी स्किन सूर्य की किरणों से सुरक्षित रहती है। गर्मियों में हर 2 घंटे के बाद सनस्क्रीन लगाएं, ताकि आपकी स्किन सुरक्षित रह सके।

# हनुमान प्राकट्य दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में सिद्धपीठ श्रीतालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आज श्री हनुमान प्राकट्य दिवस पर भव्य शोभायात्रा झांकी का गत एक शताब्दी से भी अधिक वर्षों से निरंतर हो रहा आयोजन इस वर्ष भी भक्तजनों द्वारा भव्य रूप से किया गया। प्रात: काल से ही नगर के हजारों धर्म श्रद्धालुओं का देवालय में ताता लगा रहा भक्तों ने बाबा के दर्शन कर मनौती मांगी । झांकी महोत्सव पर शोभायात्रा में 1100 सौ से भी अधिक धर्म श्रद्धालु महिला पुरुषों ने ध्वज धारण किए। मंदिर प्रांगण में पंद्रह दिवसीय अखंड रामचरितमानस पाठ, श्रीहनुमान जी का रुद्राभिषेक आचार्य पंडित नवीन हारीत, विजय व अजय इंदौरिया के सानिध्य में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। गत रात्रि को सुप्रसिद्ध गायक मनोज मारू के सानिध्य में सैकड़ो भक्तजनों ने मंदिर प्रांगण में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। समिति की ओर से 250000 हनुमान चालीसा





का जो लक्ष्य रखा हुआ था उसे भक्तों ने आज प्रात: पार करते हुए दोपहर तक 3,55,000 हनुमान चालीसा पाठ कर पूरा किया। झांकी व शोभायात्रा का जगह जगह, स्टेशन रोड, अशोक स्तंभ तथा घंटाघर के पास एमोरी बाजार, पुर्वी बाजार, मेहंदीपुर घाटा बालाजी, उत्तरादा बाजार में रतनगढ़ नागरिक परिषद व सांवरिया गौ भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा कर व श्रद्धालुओं को शरबत पिलाकर स्वागत किया गया। संजीव झाकियां भी निकाली गई। देवालय व प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शोभायात्रा रवाना होने से पूर्व मंदिर पुजारी गोपीकृष्ण, राकेश इंदौरिया, धनराज, नितिन, सुशील, पवन, विष्णुदत्त, रवि इंदौरिया, विधायक पूसाराम गोदारा, कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष लिट्टू कल्पना कांत, संतोष बाबू इंदौरिया, लिट्टू कल्पना कांत, समाजसेवी देवीदत्त हारित, श्रवण काछवाल, मुरारीलाल पारीक, इन्द्रचन्द प्रजापत, गिरधारीलाल मंगलहारा, कानाराम जागिड़, ओम प्रकाश मंगलहारा, राजकुमार मुरारका, महेश प्रजापत, रघुनंदन धरेंद्रा, निवर्तमान पार्षद नंदकिशोर भार्गव, ओम सारस्वत, सावरमल माटोलिया, लूणकरण सुरेका, कुणाल व्यास, कुलदीप, ललित चौधरी सहित सैकड़ों नगरवासियों ने पूजा अर्चना की। श्री तालवाले बालाजी सेवा समिति के सदस्य पुजारी परिवार ने श्रद्धालु भक्त जनों को सुव्यवस्था दी।

## सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने किए तिरूपति बालाजी के दर्शन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** हनुमान जयन्ति के अवसर पर श्री वेंकटेश्वर मंदिर में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने तिरूपति बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। वेंकटेश्वर फाउंडेशन की ट्रस्टी मंजू देवी जाजोदिया ने बताया कि सुजानगढ़ शहर सहित दिल्ली, हरियाणा एवं आस-पास के अनेक गांवों एवं कस्बों तथा शहरों के श्रद्धालुओं ने मंदिर पंहुच कर तिरूपति बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर पुजारी अशोक कुमार, पुजारी नवरतन तथा पुजारी दिलीप शर्मा ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई। अनेक श्रद्धालुओं ने अपनी गौत्र पूजा भी संपन्न करवाई। तिरूपति बालाजी के दर्शनों के दौरान श्रद्धालुओं का आस्था और भक्ति के साथ उत्साह अपने पूरे चरम पर नजर आ रहा था। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधार्थ मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा विशेष व्यवस्थायें की गई। मंदिर के व्यवस्थापक मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में हरिराम शर्मा, अशोक कुमार उपाध्याय, पुजारी नवरतन शर्मा, पुजारी दिलीप कुमार, मुकुन सिंह, नरेन्द्र सिंह, पवन कुमार, चंपालाल माहेश्वरी, बजरंगलाल, शिवभगवान, लालचंद नाई ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। ज्ञात रहे कि हनुमान जयन्ति पर श्री वेंकटेश्वर मंदिर से ध्वज यात्रा रवाना हुई, जो होली धोरा स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पंहूच कर संपन्न हुई।

## हर घर में हनुमान चालीसा अभियान में श्रद्धालुओं को अर्थ सहित पुस्तकों का वितरण



**जयपुर (नवयत्न)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति की ओर से भक्ति और संस्कारों के प्रसार के लिए विशेष आयोजन किए गए। समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में श्री भन्दे बालाजी धाम से प्रारंभ हुए हर घर में हो अर्थ सहित हनुमान चालीसा अभियान के तहत गुरुवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं के बीच अर्थ सहित हनुमान चालीसा की पुस्तकों का वितरण किया गया। अभियान के तहत समिति के सदस्य अलग-अलग टीमों में विभाजित होकर विभिन्न मंदिरों में पहुंचे और भक्तों को हनुमान चालीसा की पुस्तकें भेंट की ताकि अधिक से अधिक लोगों तक हनुमान भक्ति का संदेश पहुंच सके। विशेष रूप से बच्चों के लिए सचित्र और अर्थ सहित हनुमान चालीसा पुस्तक को उपयोगी बताया गया, जिससे वे चित्रों के माध्यम से चौपाइयों का अर्थ आसानी से समझ सकें। इस अवसर पर संत अमरनाथ महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गोस्वामी तुलसीदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से पूर्व तुलसीदासजी का स्मरण करने से पाठ का पूर्ण फल प्राप्त होता है और व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ मिलता है।

उन्होंने बताया कि हनुमान की कृपा प्राप्त करने के लिए राम नाम जप और हनुमान चालीसा के 108 पाठ का विशेष महत्व है। उन्होंने श्रद्धालुओं को नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने और इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

## ग्यारह ब्राह्मणों ने किया श्याम प्रभु का अभिषेक

**जयपुर (नवयत्न)।** रामगंज बाजार में कांवटियों का खुर्रा स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर में महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में मनाए जा रहे श्री श्याम सत्संग मंडल संस्था के तीन दिवसीय 60वां वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम हुए। चैत्र पूर्णिमा को प्रात: सवा दस बजे महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में पं गिरधर शर्मा के आचर्यात्व में 11 ब्राह्मणों ने वेद मंत्रोच्चार के साथ बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान खाटू नरेश का विधिवत दुग्धाभिषेक भी किया गया। रात्रि 8 बजे से बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार दर्शन एवं भजनामृत सत्संग आयोजित हुआ। संजय पारीक, निशा गोविंद, अमित नामा राज राठौड़, अविनाश शर्मा, अजय दौसावाले, महेश परमार सहित अनेक भजन गायकों ने संपूर्ण रात्रि भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया और बाबा श्याम को रिझाया। संस्था के अध्यक्ष अशोक मिश्रा और कुंज बिहारी आवासवाले ने बताया कि तीन अप्रैल को संध्या आरती के बाद बाबा श्याम गाजे-बाजे और लवाजमे के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। उल्लेखनीय है कि बाबा श्याम की यह सेवा वर्ष में एक बार ही मंदिर से बाहर निकलती है। इस अवसर पर जयपुर की विभिन्न श्यामसेवी संस्थाओं के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर बाबा के दुर्लभ चित्रपट के दर्शन करते हैं।

## प्रिंस एकेडमी में हनुमान जयंती मनाई

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में हनुमान जयंती पर्व हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ व पूजा-अर्चना की गई। कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा श्रद्धा व भक्ति के साथ भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी पर आधारित भजन तथा



सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को हनुमानजी के जीवन से शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल पूनम चौहान, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, कॉर्डिनेटर जयपाल सिंह राठौड़ सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।





## जयपुर रनर्स क्लब ने 50 से अधिक अल्ट्रा रनर्स का किया सम्मान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** देशभर में बढ़ती फिटनेस जागरूकता के बीच जयपुर में भी रनिंग एक मजबूत सामुदायिक गतिविधि के रूप में तेजी से उभर रही है। इसी क्रम में जयपुर रनर्स क्लब की ओर से संविधान क्लब, जयपुर में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 50 से अधिक अल्ट्रा रनर्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन शहर में विकसित हो रही रनिंग संस्कृति और बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। कार्यक्रम में क्लब के को-फाउंडर मुकेश मिश्रा एवं रवि गोयनका, प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा तथा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुशील कुलहरी ने संयुक्त रूप से धावकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब की कोर टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। ट्रेज़रर आस्था पारीक और सेक्रेटरी निपुण वाधवा ने सम्मानित धावकों की उपलब्धियों का उल्लेख किया। समारोह में कई धावकों के प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। राजेश चौधरी और प्रदीप ने रण ऑफ कच्छ में 218 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। वहीं 100 किलोमीटर श्रेणी में जय प्रकाश पूनिया, प्रवीण गर्ग, नवनीत शर्मा, देविक चौधरी, डॉ सुकेश जाखड़, जितेंद्र शर्मा, महेश जांगीड़, धारा सिंह चौहान, प्रदीप कुमार, रामकरण शर्मा और अमित भसीन ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा आयरन मैन रन में अंकिता अग्रवाल, इशिता गुप्ता, ऋषभ डागा, डॉ सुनीत सोनी और राजपाल चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्लब की ओर से 50 किलोमीटर श्रेणी के धावकों को भी सम्मानित किया गया। आयोजकों के अनुसार इन धावकों का प्रदर्शन अन्य प्रतिभागियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## संतों की जिज्ञासाओं का आचार्य महाश्रमण ने किया समाधान



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** गुरुवार को तेरापंथ के अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में मुख्य प्रवचन कार्यक्रम में संतवृंद के लिए विशेष रूप से जिज्ञासा-समाधान का उपक्रम रहा। संतों की जिज्ञासाओं को समाहित करते हुए आचार्यश्री महाश्रमण ने ऐसे सरल व ग्रहणीय समाधान प्रदान किए कि वे जिज्ञासुओं के साथ-साथ उपस्थित श्रद्धालुओं की शंकाओं को भी दूर करने वाले बन गए। संतवृन्द द्वारा की गई जिज्ञासाओं को समाहित करते हुए आचार्यश्री ने ज्ञानावरणीय कर्मों को, सद्भावना, नैतिकता व नशामुक्ति के संदेशों को, आसक्ति आदि विषयों को विवेचित किया। गुरु से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर संतवृंद आह्लादित नजर आ रहे थे। ओरलैण्डो से गुरु सन्निधि में पहुंची समणी चैतन्यप्रज्ञा ने अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में चुरू के विधायक हरलाल सहारण तथा भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्रसिंह राठौड़ के पुत्र पराक्रमसिंह राठौड़ ने उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आचार्यश्री के साथ कुछ समय तक वार्तालाप भी किया। लाडनूं तथा आसपास के क्षेत्रों में विचरण करने वाले अथवा स्थाई रूप से सेवा देने वाले, सेवा ग्रहण करने वाले चारित्रात्माओं के साथ-साथ समणीवृंद व मुमुक्षुवृंद के लिए मानों घर बैठे ज्ञानगंगा की अविरल व निर्मल धारा प्राप्त हो रही है, जो उनके आध्यात्मिक जीवन को अभिनव सिंचन प्रदान कर रही है। नित्य प्रति चलने वाली कक्षाओं, शिविरों, संगोष्ठियों, संस्थागत आयोजनों के माध्यम से युगप्रधान अनुशास्ता की सन्निधि में ज्ञान का सागर हिलोरें ले रहा है, जिसमें चतुर्विध धर्मसंघ गोते लगा रहा है और स्वयं को कृतपुण्य बना रहा है।

## सरकारी स्कूल की बालिका रूपा कोचर ने प्राप्त किए 95.4%



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा के तीनों संकाय में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल किया गया। प्रींसिपल रणवीर महरिया ने बताया कि विज्ञान वर्ग में प्रथम रूपा कोचर 95.40 प्रतिशत, द्वितीय आदिल खींलजी 92.6, तृतीय कविता जाखड़ 82.4 प्रतिशत रहे हैं। इसी प्रकार प्रथम श्रेणी 18, द्वितीय श्रेणी 04 विद्यार्थियों ने प्राप्त की है। वहीं वाणिज्य वर्ग में प्रथम धवल गौड़ 83 प्रतिशत, द्वितीय गोपाल जांगिड, 64.4, तृतीय संजय 62.2 प्रतिशत रहे हैं। प्रथम श्रेणी 5, द्वितीय श्रेणी 7, तृतीय श्रेणी 01 विद्यार्थी ने प्राप्त की है। कला वर्ग में प्रथम सोनू लोरा 87.8 प्रतिशत, द्वितीय प्रदीप वैष्णव 68, तृतीय विकास बाबरिया 64.4 प्रतिशत रहे। जबकि प्रथम श्रेणी 9, द्वितीय श्रेणी 20, तृतीय श्रेणी 2 विद्यार्थियों ने प्राप्त की।

## कन्या पूजना कर प्रसाद वितरित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** वर्षा कंदोई गैस्ट हाउस के 9वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पर कन्याओ का पूजना कर प्रसाद और पारित्तोषिक वितरण किया गया। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी सहदेव कंदोई और अनिता देवी कंदोई ने कन्याओ का पूजना कर प्रसाद और पारित्तोषिक वितरण किया । इस मौके पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, भाजपा युवा नेता पराक्रम राठौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष जसवंत स्वामी, सुरेश मित्तल, त्रिलोक रैगर, नरेश सहारण, मनोहर लाल सैनी, शिव कुमार सरावगी, सुशील सरावगी, मंगल चंद कंदोई, अंजली स्वामी, किशन लाल मेघवाल, नंदलाल, आनंद कंदोई, मनोज दुदानी, विमल कंदोई, सुरेन्द्र कंदोई आदि मौजूद थे।



## खोले के हनुमानजी मंदिर में 108 द्रव्यों से महाभिषेक

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दिल्ली रोड स्थित प्रसिद्ध खोले के हनुमानजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन हुए। गुरुवार को पांच दिवसीय उत्सव के अंतिम दिन 108 द्रव्य औषधियों और विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ भगवान हनुमान का महाभिषेक किया गया। षोडशोपचार पूजन के बाद भगवान को नवीन चोला धारण कराकर 61 किलो चांदी की पोशाक पहनाई गई। विशेष श्रृंगार के साथ हनुमानजी के दर्शन के लिए मंदिर में सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर में संत.महंतों के सानिध्य में उत्सव आरती का आयोजन हुआ। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि मंदिर में पांच दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत राम यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सवा लाख आहुतियां अर्पित की गईं। भगवान का 108 प्रकार की औषधियों से अभिषेक कर 150 किलो पंचामृत अर्पित किया गया तथा आकर्षक झांकियां सजाई गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत पद्मश्री गुलाबो सपेरा ने नृत्य प्रस्तुति दी, वहीं सुपर स्टार सिंगर फेम आकांक्षा राव ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। उत्सव के अंतिम दिन गुरुवार शाम को श्री श्याम ज्योति भजन संध्या परिवार द्वारा मनोहारी भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन के चलते पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

## संघर्ष दिवस के महान आंदोलन एवं प्रदर्शन की वर्षगांठ मनाई



**तारानगर (नवयत्न)।** अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी शाखा तारानगर, राजस्थान शिक्षक संघ शाखा तारानगर, अम्बेडकर नवयुवक संघ शाखा तारानगर की ओर से गुरुवार को 2 अप्रैल 2018 के संघर्षदिवस के महान आंदोलन एवं प्रदर्शन की वर्षगांठ मनाई गई। संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस आंदोलन एवं प्रदर्शन में शहीद हुए समाज के नौजवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बाबा साहब के समाज के लिए किए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर संघ के पाला राम जिंदल, जुगलाल बरवड़, भानी राम पूर्व सरपंच, राजेंद्र जोईया, नंदलाल सबलानिया, मनीराम रैगर, मनीराम भामि, ग्यारसी लाल गोठवाल, सुरेश जोईया, हेम राज कालवा, काशी राम फांडन, प्रताप कलिया, भगवाना राम घोटड, भँवालाल भामरा, कन्हैया लाल चायल इत्यादि उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर व जीण माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** चैत्र पूर्णिमा पर तहसील के ग्राम जालेऊ में स्व. जेठाराम प्रजापत द्वारा निर्मित हनुमान मंदिर व जीण माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। जन सहयोग से इस कार्यक्रम में 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा हुई। समापन की पूर्व संध्या पर विराट दीप महायज्ञ हुआ। उपजोन महिला समन्वयक नीलम शर्मा ने आदर्श परिवार बनाने व भारतीय संस्कृति अपनाने के लिए मातृशक्ति को सम्बोधित किया। प्रात: देव पूजन के बाद ओमप्रकाश इन्दौरिया, सोहनलाल प्रजापत ने मंदिर में श्री राम भक्त हनुमान व जीण माता की मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा करवाई। प्रान्तीय प्रचारक गोपाल स्वामी, जगदीश प्रसाद माली, दर्शन पालीवाल, दीपक जोशी, सांवरमल पीपलवा ने यज्ञ संचालन किया व 100 से भी अधिक गुरु दीक्षा संस्कार करवाये। दीक्षा लेने वालों ने आजीवन व्यसन मुक्त जीवन जीने, नित्य रामायण गीता या अन्य धार्मिक साहित्य पढने व गायत्री मंत्र जप करने के संकल्प किये। दौलतराम प्रजापत चूरू व पार्वती देवी लुहानीवाल को मूर्ति देने व बालाराम प्रजापत को नि:शुल्क टेन्ट लगाने व नि:शुल्क भोजन व आवास व्यवस्था करने पर सिमार परिवार को सम्मानित किया गया।

## दूषित जलापूर्ति मामला : विधायक गोपाल शर्मा ने संभाली कमान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिविल लाइंस क्षेत्र के सुशीलपुरा में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्या को लेकर विधायक गोपाल शर्मा लगातार सक्रिय हैं। विधायक शर्मा ने गुरुवार को तीसरे दिन भी क्षेत्र का दौरा कर मौके पर चल रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली। राहत की बात यह है कि गुरुवार सुबह की पेयजल आपूर्ति में अधिकांश घरों में साफ पानी आने लगा है, जिससे क्षेत्रवासियों में संतोष का माहौल है। दौरे के दौरान विधायक शर्मा ने कई घरों में जाकर नागरिकों से सीधे संवाद किया और उन्हें आश्वस्त करते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि विकास कार्यों के दौरान जनहित को सर्वोपरि रखा जाए और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही भविष्य में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों की गुणवत्ता एवं समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाए। ज्ञात हो कि सुशीलपुरा में सड़क निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी कारणों से सीवर और पेयजल कनेक्शन प्रभावित हो गए थे, जिससे कई घरों में जलापूर्ति दूषित होने लगी थी। शिकायतें सामने आने पर विधायक शर्मा ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मंगलवार को क्षेत्र का दौरा कर, स्थानीय नागरिकों से संवाद किया तथा नगर निगम एवं पीएचईडी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक शर्मा के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीमों को भी भेजा गया, जहां स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों वाले नागरिकों की जांच की गई।

## हनुमान जन्मोत्सव पर पूरा चिड़ावा भक्ति के रंग में हुआ सराबोर



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर कस्बे के प्रमुख सिद्ध पीठों और मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। कबीर टीला स्थित बालाजी मंदिर में रात्रि को जहाँ छप्पन भोग और भजनों की धूम रही, वहीं सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कबीर टीला स्थित बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हिंदी सुंदरकांड का पाठ भक्तिभाव से संपन्न हुआ। ग्रुप संयोजिका सुधा सिद्धार्थ ने बताया कि जन्मोत्सव पर सवामणी का भोग लगाया गया। पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर बजरंगबली के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस धार्मिक आयोजन में ममता शारदा, पूनम पुजारी, सुशीला कुमावत, सोना चेतीवाल, किरण, सुधा शर्मा, अविका अड़ूकिया, सुधा जांगिड़, माया शर्मा, सुमन, सुनीता और सुमन शर्मा सहित काफी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रही। गुरुवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मंदिर परिसर के बाहर मेले का आयोजन भी हुआ। इधर गढ़वाले बालाजी, बापू बाजार में बालाजी, स्वामी की चक्की वाले बालाजी, प्रिंस स्कूल के पास श्याम दरबार, बिहारीजी मंदिर के पास हनुमान मंदिर सहित शहर के हनुमान मंदिरों में श्रद्धालु दिनभर उमड़े और दर्शन कर प्रसाद लिया। कई जगह अलग अलग स्थानों से निशान लाकर समर्पित किए गए। कॉलेज रोड पर सनातन आश्रम स्थित भायलाजी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का सामूहिक पाठ वाणीभूषण पंडित प्रभु शरण तिवाड़ी के सानिध्य में हुआ। गांव बख्तावरपुरा में एनआरआई सुनील कटेवा की ओर से हनुमान जयंती पर सवामणी का आयोजन किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हिंदू युवा वाहिनी ने निकाली शोभायात्रा



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हिन्दु युवा वाहिनी के सौजन्य विशाल भगवा रैली का आयोजन किया गया। बुधवार को अनाज मंडी स्थित बालाजी मंदिर से पुराना बस स्टैंड स्थित चारधाम बालाजी मंदिर तक विशाल भगवा रैली निकाली गई। पूर्व सांसद संतोष अहलावत, लोकतंत्र सेनानी सज्जन अग्रवाल, सेवाराम गुप्ता व सोमवीर लांबा ने हरि झंडी दिखाकर रैली को रवान किया। रैली के दौरान श्रीराम परिवार की आकर्षक झांकियां निकाली गई। रैली अनाज मंडी से शुरू होकर चिड़ावा रोड़, स्टेशन रोड़, मैन बाजार होते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित चारधाम बालाजी मंदिर पहुंची जहां हनुमान चालीसा पाठ के साथ समापन किया गया। रैली में हिन्दु युवा वाहिनी, बजरंग दल, आरएसएस के कार्यकर्ताओं सहित कस्बे व गांवों के गणमान्य लोग व युवा मौजूद रहे। इस मौके पर अशोक सिरोवा, युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष पुनित बड़गुजर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वर्षा सोमरा, शर्मिला डैला, विकास शर्मा, नगरमंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सैनी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, युवा नेता विकास भालोठिया, प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा, एडवोकेट बिशनपाल सिंह, पंस सदस्य सोमवीर लांबा, संदीप शर्मा, लाखु मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, रतन खरड़िया, किन्नर नैना बाई, अजीत सिंह, मोहित बागड़ी, अनिल सिंह, रोहित चांवरिया, अभिषेक श्योराण, अभिषेक फतेहपुरा, धर्मेन्द्र हिन्दु, सज्जन जांगिड़, महेश जांगिड़, संतोष कुमावत, राजेन्द्र सौंकरियां, सुरेश शर्मा, राकेश नांदवाला सहित्त सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हनुमान मंदिरों में हुआ सुंदरकांड व भजन संध्या के विशेष आयोजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पवन पुत्र हनुमान महाराज का जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा गुरुवार को भक्तिभाव से मनाया गया। छोटीकाशी के मंदिर गुरुवार को हनुमानमय हो गए। सुबह से देर रात तक अभिषेक, श्रृंगार, महाआरती, सुंदरकांड-हनुमान चालीसा और भजन संध्या सहित अनेक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित कई मंदिरों में दर्शन किए। मुख्य रूप से घाट के बालाजी, चांदपोल हनुमान, सांगानेरी गेट हनुमान, खोले के हनुमान, काले हनुमान, बंधे के बालाजी, पापड़ के हनुमान, ढेहर के बालाजी, मंशापूर्ण हनुमान, पेट्रोल पंप वाले हनुमान में हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घरों में भी राम दूत महावीर की विशेष पूजन कर दाल-बाटी, खीर-चूरमे का भोग लगाया गया। हनुमान मंदिरों में जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अंजनी सुत का जन्माभिषेक कर सिंदूरी चोला चढ़ाया गया। नवीन पोशाक धारण कराकर ऋतु पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। पुराना घाट स्थित जयपुर के कुल देवता के रूप में प्रसिद्ध घाट के बालाजी मंदिर में स्वामी सुदशर्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में हनुमान महाराज का पंचामृत अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया गया। नवीन पोशाक धारण कराने के बाद चूरमे का भोग लगाया गया। देवस्थान विभाग की ओर से मंदिर में सजावट की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर कई समाजों के लोगों ने मंदिर में जात-जडूले उतारे।



### काले हनुमान मंदिर

चांदी की टकसाल स्थित ठिकाना मंदिर श्री काले हनुमानजी में केसरी के नंदन का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर महंत गोपालदास महाराज के सान्निध्य में हनुमानजी का सहस्त्रधाराभिषेक के साथ जन्माभिषेक किया गया। मंदिर के युवाचार्य पं. योगेश शर्मा ने बताया कि सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड के पाठ हुए। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। अनेक गणमान्य लोग, जन प्रतिनिधि भी यहां सजी विशेष झांकी के दर्शन करने पहुंचे।

### खोले के हनुमान जी मंदिर

खोले के हनुमानजी मंदिर में सुबह हनुमानजी महाराज का 108 औषधि द्रव्यों और विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ महाअभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया गया। हनुमानजी महाराज को चांदी की भारी भरकम पोशाक धारण करवा कर विशेष श्रृंगार किया गया। दोपहर में विशेष उत्सव आरती हुई। पूरे मंदिर परिसर को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। दिनभर मंदिर श्रद्धालुओं से अटा रहा। श्रद्धालु नारियल और प्रसाद लेकर दर्शन करने पहुंचे।

### चांदपोल हनुमान मंदिर

चांदपोल हनुमान मंदिर में पंचामृत अभिषेक कर विशेष शृंगार किया गया। सांगानेरी गेट स्थित पश्चिम मुखी हनुमान मंदिर में अभिषेक, श्रृंगार, पूजन और महाआरती हुई। यहां उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पूजा-अर्चना की। चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्रीरामचंद्रजी में हनुमत जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमानजी का पंचामृत अभिषेक कर केवड़ा, गुलाब जल, सुगंधित इत्र, गंगाजल आदि को मिश्रित कर स्नान कराया गया।

### शिव शक्ति हनुमान मंदिर में किया सुंदरकांड पाठ

श्रीमन्न नारायण प्रन्यास मंडल की ओर से त्रिपोलिया बाजार में तंवरजी को नोहरा स्थित श्री शिव शक्ति हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। पं दिनेश शर्मा के सान्निध्य में प्रन्यास के अध्यक्ष तरुण भारती ने हनुमानजी महाराज का पंचामृत से अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया। नवीन पोशाक धारण कराकर सुंदरकांड के पाठ किए। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

### पेट्रोल पंप वाले बालाजी मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया जन्मोत्सव

राजधानी के प्रसिद्ध पेट्रोल पंप वाले बालाजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने यहां पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख.शांति की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। यहां सोहनलाल सरावगी चैरिटेबल ट्रस्ट और पेट्रोल पंप वाले बालाजी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह नीलकंठ महादेव मंदिर से गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए बालाजी मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही भांकरोटा बालाजी मंदिर से पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल हुए। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ में भक्त भक्ति रस में सराबोर हो गए। सुंदरकांड के मधुर पाठ एवं भजनों ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह-शाम तो लंबी कतार लग गई। श्रद्धालु प्रसाद-नारियल लेकर मंदिर पहुंचे।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर

अंबाबाड़ी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह वेद मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के पुजारी ने हनुमान महाराज का अभिषेक किया। नवीन पोशाक धारण कराकर 56 भोग अर्पित किए गए। महोत्सव में बालाजी हवा में उड़ते हुए नजर आए। साथ ही विभिन्न आकर्षक झांकियों का सजीव प्रदर्शन किया गया। मंदिर द्वार को उज्जैन महल की थीम पर सजाया गया। जहां से भक्तों ने मंदिर में प्रवेश किया। हनुमान पार्क के प्रवेश द्वार पर वैष्णो देवी, महालक्ष्मी एवं दुर्गा स्वरूप की जंगल थीम सजाई गई आकर्षण का केन्द्र रही। शाम को हनुमान पार्क में संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान 20 बच्चे वानर सेना के रूप में उछल कूद करते रहे। देर रात रंगीन आतिशबाजी की गई।

### हनुमान मंदिर में सजी छप्पन भोग झांकी

गायत्री चेतना केन्द्र, मुरलीपुरा की ओर से मुरलीपुरा के विकासनगर बी स्थित श्रीराम दूत हनुमान मंदिर में राम जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। मंदिर के पुजारी पं . महावीर उपाध्याय ने हनुमान महाराज को सिंदूरी चोला धारण कराया। नवीन पोशाक धारण कराकर ऋतु पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। ज्योति शर्मा, नंदन शर्मा एवं अन्य श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। बाबूलाल अग्रवाल ने छप्पन भोग अर्पित किए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज की झांकी के दर्शन किए।

## शाही लवाजमे के साथ निकली विशाल शोभायात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रथम पूज्य मोती डूंगरी गणेश मंदिर से चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर तक हाथी, घोड़े, लवाजमे के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथ में हनुमान महाराज का ध्वज लेकर चल रहे थे। बड़ी संख्या में महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहन कर ध्वज यात्रा में शामिल हुई। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत पं. कैलाश शर्मा ने ध्वज पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया। ध्वज यात्रा में अनेक झांकियां थी। मुख्य झांकी के रूप में हनुमानजी राम-लक्ष्मण को हनुमान जी कंधे पर बैठाकर चल रहे थे। हनुमान जी महाराज के जयकारे लगाते हुए बढ़ रही यात्रा का जगह-जगह धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया। चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर में पहुंचकर यात्रा संपन्न। यहां मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज ने मुख्य रथ की आरती की।




### जयकारों के साथ निकली पदयात्रा

श्रीहनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हाथोज धाम पदयात्रा समिति के तत्वावधान में शास्त्री नगर से 9वीं पदयात्रा रवाना रवाना हुई। पदयात्रा शास्त्रीनगर के निहालेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर हाथोज स्थित श्री दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर पहुंची। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु झांकियों के साथ हनुमान जी महाराज के जयघोष लगाते चल रहे थे। श्री दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में पदयात्रा का ध्वज पूजन कर बालाजी को ध्वज अर्पित किया गया। पदयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### मानसरोवर में निकली शोभायात्रा-वाहन रैली

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मानसरोवर मित्र मण्डल के तत्वावधान में गुरुवार शाम को शोभायात्रा एवं दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ प्राचीन मंदिर श्री काले हनुमान जी, जोन-23, सुखालपुरा, स्वर्ण पथ, मानसरोवर से हुआ। शोभायात्रा जयकारों के साथ विभिन्न मार्गों से होती हुई शनि बालाजी मंदिर, एसएफएस चौराहा पहुंची। यहां वाहन रैली का समापन किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** लोसल अंचल में हनुमान जयंती महोत्सव श्रद्धा एवं आस्था के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। राम भक्त हनुमान जी की जयंती के अवसर पर खेत खेत से लेकर घर घर एवं मंदिरों में खीर चूरमा बाटी का हनुमान जी के भोग लगाया गया। खाश बात तो यह है कि आज के दिन मंदिरों में हनुमान भक्तों की श्रद्धा और आस्था के कारण लोगों की अच्छी खासी भीड़ भाड़ रही। महिलाओं ने हनुमान मंदिर में मंगल गीत गाकर आराध्य देव की भक्ती में लीन रही। यहां पर चार दिन से विभिन्न जगहों हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो गया था। हरिकीर्तन संगीतमय हनुमान चालीसा रामायण पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और गुरूवार को हवन की पूर्णाहुति पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बस स्टैंड पर स्थित बालाजी का मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शाही लवाजमे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न तरह की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। लाल रंग में रंगा हनुमान जी की शोभायात्रा। जगह जगह पर श्ररदालुओ ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मुख्य मार्गों से यह शोभायात्रा निकाली गई। भोलाराम जी की कोठी बालाजी मंदिर से भी गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। खाश बात तो यह है कि गुरुवार को पूरे दिन हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव की गुंज दिन भर सुनने को मिली। जगह जगह पर प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया।

## चैन स्नेचिंग की घटना के दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** पुलिस ने चैन स्नेचिंग की घटना के दो आरोपितों को घटना के 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर उनसे सोने की अंगुठी व नगदी राशि बरामद कर ली है। डीएसपी रोहित सांखला ने बताया कि मंगलवार को बिरबल राम पुत्र रामबक्स ब्राहम्ण निवासी बुचावास तह तारानगर ने तारानगर थाना पर रिपोर्ट दी थी कि वह कस्बे में कोर्ट रोड़ से होते हुये पैदल पैदल बस स्टैण्ड की तरफ आ रहा था, पीछे से अचानक दो युवक मोटरसाईकिल पर सवार होकर आये और उसके हाथ की अंगुली में पहनी हुई सोने की अंगुठी निकाल ली व जेब से नगदी पैसे निकालकर उसे धक्का देकर गिराकर भाग गये है। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए पीड़ित बीरबलराम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम गठित कर तुरन्त जांच शुरू की। पुलिस ने एक युवक को घटना के समय मौका पर दस्तयाब किया गया तथा एक युवक घटना के बाद मोटरसाईकिल लेकर फरार हो गया जिसको पुलिस टीम ने भादरा जिला हनुमानगढ़ ईलाके से मय घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल के दस्तयाब किया गया। पुलिस ने दस्तयाब किए गए दोनों आरोपित अवन कुमार उर्फ मोनू निवासी खैरेकां पुलिस थाना सदर सिरसा हरियाणा व संदीप कुमार उर्फ रिकू निवासी छतरगढ़ पट्टी, कस्बा सिरसा हरियाणा से पूछताछ के बाद जुर्म स्वीकार करने पर बुधवार को गिरफ्तार कर उनसे सोने की अंगुठी व नगदी राशि बरामद कर ली।

## दो दिवसीय सातवां वार्षिक महोत्सव भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के देव नगर ढाणी बास में स्थित अंजनी माता महावीर हनुमान मंदिर का सातवां दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापन । इस भव्य महोत्सव के दौरान आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के पुजारी राधेश्याम पारीक, डूंगरमल ने बताया की मंदिर परिसर जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा।

बुधवार रात्रि को आयोजित विशाल भजन संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक योगी शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए महोत्सव में दूर.दूर से श्रद्धालु पहुंचे । महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को बाबा की भव्य ज्योत और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस दो दिवसीय आयोजन में राजस्थान के साथ-साथ देश के विभिन्न कोने कोने से भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर इस महोत्सव ने एक बार फिर सामाजिक और धार्मिक एकता की मिसाल पेश की । इस अवसर पर मुंबई निवासी अरुण सराफ , करण,रेणु सराफ, मोहित गुप्ता, पीयूष, प्रीति उज्जैन, पुजारी, बजरंग, अंकित, मनोज भानु, मोहित, संजय, वीरेंद्र लाटा, तुलसीराम पांडे, कालूराम जाट, अलका पारीक सहित अनेकों श्रद्धालु गण मौजूद रहे ।



## युवक की हत्या कर प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर शव खाली प्लॉट में फेंका

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना इलाके में अज्ञात बदमाशों ने एक युवक की हत्या कर उसके शव को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर खाली प्लॉट में ले जाकर फैंक दिया और शिनाख्त नहीं होने के कारण केमिकल डालकर आग लगा कर जला दिया। लेकिन शव पूरा नहीं जल पाया और आग बुझ गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने अर्द्धजला युवक का शव पड़ा देख मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड टीम की मदद से घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर शव को कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। एडिण्डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे पुलिस कंट्रोल रुम को स्थानीय लोगों ने खाली प्लॉट में अर्द्धजला युवक का शव पड़ा होने की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने निवारू पुलिया से कुछ ही दूरी पर एक खाली प्लॉट से युवक का अर्द्धजला शव बरामद किया। पुलिस ने घटना स्थल से एफएसएल टीम व डॉग स्क्वायड टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। प्रारम्भिक जांच में पुलिस का मानना है कि युवक की किसी दूसरी जगह हत्या की गई, जिसके बाद प्लास्टिक के एक बड़े कट्टे में शव को बांधकर देर रात यहां फेंककर ठिकाने लगाया गया। मृतक की पहचान छिपाने के लिए उसके मुंह और शरीर पर किसी ज्वलनशील केमिकल को डालकर आग लगाई गई है। पुलिस ने शुमशुदगी के आधार पर मृतक की शिनाख्त शेख सहान 34 निवासी मालदा वेस्ट बंगाल के रुप में की है।

## अखण्ड रामायण पाठ का समापन

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** श्रीछावणी नरेश बालाजी सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर दूसरे दिन गुरुवार को अखण्ड रामायण पाठ समापन के बाद दोपहर मे पंडित मुकेश महमिया व पंडित पंकज महमिया के आचार्यत्व में वेद मंत्रो के साथ पूर्ण आहूतियज्ञ कराया गया। जिसके मुख्य यजमान नंदकिशोर जालान सपत्नी के साथ यज्ञ भगवान को आहूतियां लगायी। इस अवसर पर बाबा के सेवक अमित कुमार, नेहा महमिया, नेहा, दीपक शर्मा, शांति महमिया, शशि कांत महमिया सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरूषों ने यज्ञ भगवान को आहूतिया लगाई। उसके बाद रात्रि को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शहर के लोगों ने प्रसाद पाया। देर रात तक बालाजी महाराज के दर्शन करने वालो का ताता लगा रहा। इस अवसर पर बालाजी महाराज का रजत आभूषणो से श्रंगार किया गया मंदिर को विद्युत उपकारणों व फूलों से सजाया गया।



**कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना राज0**

क्रमांकःन0पा0नीम0 / 2025-26 / 6155 दिनांकः 30.03.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2026-27 में आवश्यक सेवायें ली जाने की दर संविदा किये जाने हेतु निविदा फार्म निविदा प्रकाशन से दिनांक 10.04.2026 दोपहर 11.00 बजे तक विक्रय की जावेंगी एवं दिनांक 10.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें तथा संभव हुआ तो प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं उसी दिवस को दोपहर बाद 02.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त तिथी को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा प्रति विक्रय / प्राप्त / खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 30.03.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की NIB code DLB2526B3735 यूबीएन DLB2526SSRC40896, DLB2526SSRC40897, DLB2526SSRC40898, DLB2526SSRC40899, DLB2526SSRC40901, DLB2526SSRC40902, DLB2526SSRC40903, DLB2526SSRC40905, DLB2526SSRC40906, DLB2526SSRC40907, DLB2526SSRC40908, DLB2526SSRC40910, DLB2526SSRC40912, DLB2526SSRC40914, DLB2526SSRC40917, DLB2526SSRC40921, DLB2526SSRC40924, DLB2526SSRC40925, DLB2526SSRC40926, DLB2526SSRC40928 व DLB2526SSRC40929 हैं।

राज.संवाद / सी / 26 / 142 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नीमकाथाना

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190